www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 212 । नर्मदापुरम, शुक्रवार 8 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

अतिक्रमण अभियान के दूसरे दिन रेलवे स्टेशन रोड पर चली मुहिम पृष्ठ 2

झारखंड : हिंदू-मुस्लिम खेल शुरू! | डोनाल्ड ट्रम्प का राष्ट्रपति बनना वैश्विक रूप से विघटनकारी पृष्ठ 4

शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण पृष्ठ 6

भाजपा सरकार ने किया लुटेरों और डाकुओं का सफाया पृष्ठ 8

सार-समाचार

शारदा सिन्हा को छठ पर्व पर दी अंतिम विदाई

- छठ गीतों के लिए मशहूर थी लोकगायिका
- राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

पटना, एजेंसी। छठ महापर्व के दिन गुरुवार को छठ गीतों से मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा को अंतिम विदाई दी गई । पटना के गंगा तट के गुलबी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शारदा सिन्हा का मंगलवार रात निधन हो गया था।

उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को उनके राजेंद्र नगर आवास से निकली। उनके परिवार के सदस्यों और प्रशंसकों ने उन्हें कंधा दिया। अंतिम यात्रा में भाजपा, जदयू, राजद के कई नेता समेत हजारों लोग शामिल हुए। गुलबी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र अंशुमान सिन्हा ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इसके साथ ही वह पंचतत्व में विलीन हो गईं। अंतिम विदाई के दौरान पूरा क्षेत्र शारदा सिन्हा अमर रहें, जब तक सूरज चांद रहेगा, शारदा तेरा नाम रहेगा और छठी मइया की जय के नारे से गूंज उठा। शारदा सिन्हा लंबे समय से बीमारी से जूझ रही थीं। दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था, जहां छठ के पहले दिन मंगलवार को उनका निधन हो गया। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शोक व्यक्त किया। शारदा सिन्हा छठ गीत गाकर मशहूर हुई थीं। जब उनका अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तब भी उनके गाए छठ गीत गूंज रहे थे।

महापर्व छठ पर दिखी सूर्योपासना की अनूठी छटा

पटना, एजेंसी। लोक आस्था और सूर्योपासना के पर्व छठ के तीसरे दिन व्रतियों ने गुरुवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित दिया। पटना सहित पूरे बिहार में गंगा तट से लेकर विभिन्न जलाशयों के किनारे लाखों श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की। इस चार दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन शुक्रवार को व्रती सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसी के साथ छठ पूजा का समापन हो जाएगा।

तालिबान नेतृत्व के साथ भारतीय अधिकारियों की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने पश्चिमी एशिया में इजरायल एवं ईरान के बीच युद्ध की मंडराते बादलों के बीच अफगानिस्तान में तालिबान के साथ व्यापारिक लेन देन और युद्ध के बीच चाबहार बंदरगाह के उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण विचार मंथन किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, ईरान के प्रभारी संयुक्त सचिव जेपी सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने काबुल का दौरा किया है।

अब शाहरुख को मिली जान से मारने की धमकी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को कई बार जान से मारने की धमकी मिलने के बाद अब 'किंग खान' के नाम से मशहूर शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है और 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुंबई के बांद्रा थाने में एक व्यक्ति का फोन आया है, जिसने शाहरुख को जान से मारने की धमकी दी है और उनसे 50 लाख रुपए मांगे हैं। इसके बाद पुलिस ने शाहरुख के कार्टर रोड स्थित घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है।

दिल्ली की जहरीली हवा से लोगों को राहत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। सर्दियों के आते ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा दिल्लीवासियों के लिए परेशानी का सबब बन जाती हैं। विगत कई दिनों से यहां पर औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। गुरुवार को भी दिल्ली का औसत एक्यूआई 362 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुबह 5:15 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 362 दर्ज किया गया, जो कि बेहद की खराब श्रेणी में आता है।

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने कहा–

सरकारी भर्ती के नियम बीच में नहीं बदले जा सकते

कहा- भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी नौकरी में भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार के नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। दरअसल, शीर्ष न्यायालय इस संबंध में सुनवाई कर रही थी कि चयन प्रक्रिया शुरू होने के बाद किसी नियम में बदलाव किया जा सकता है या नहीं। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि एक बार चयन प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमों में किसी भी प्रकार का बदलाव संभव नहीं है।

पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि चयन प्रक्रिया अनुच्छेद 14 के अनरूप होने चाहिए। पहले से जो नियम निर्धारित हैं, उसी के अनरूप पूरी भर्ती प्रक्रिया को संपन्न किया जाना चाहिए। भर्ती प्रक्रिया के दौरान नियमों में बदलाव किए जाने से उम्मीदवारों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उधर, राजस्थान हाईकोर्ट के निर्णय को देखते हुए शीर्ष न्यायालय का यह फैसला अहम हो जाता है।

दरअसल, 2013 में राजस्थान सरकार ने अनुवादकों की भर्ती के दौरान नियमों में कुछ बदलाव किया था। इसमें कहा गया था कि महज वही उम्मीदवार नियुक्ति के पात्र होंगे, जिन्होंने मौखिक और लिखित दोनों परीक्षाओं में 75 फीसद से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया गया था कि यह नियम उन अभ्यर्थियों पर लागू होंगे, जो पहले ही परीक्षा दे चुके हैं। इससे अभ्यर्थियों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। वहीं, गुरुवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर बल दिया कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए।

खत्म हुआ इस एयरलाइन का अस्तित्व, संपत्तियां भी बिकेंगी

नई दिल्ली, एजेंसी। संकट से जूझ रही एयरलाइन जेट एयरवेज को पहले ही बंद कर दिया गया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने इसकी संपत्तियों को बेचने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को दिक्कतों से जूझ रही इस एयलाइन को लिक्विटेड करने यानी इसकी संपत्ति को बेचने का आदेश दे दिया है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इसे लेकर नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल के फैसले को खारिज कर दिया।

एनसीएलएटी ने जेट एयरवेज का मालिकाना हक मंजूर हो चुके रिजॉल्यूशन प्लान के तहत जालान-कालरॉक कंसोर्टियम को देने का फैसला सुनाया था। हालांकि इस फैसले के खिलाफ एसबीआई और बाकी क्रेडिटर्स ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने जेट एयरवेज को फिर से ट्रैक पर लाने के लिए कंसोर्टियम की प्रस्तावित समाधान योजना को रद्द कर दिया और कहा कि कंसोर्टियम निर्धारित समय में पहला किश्त भी नहीं चुका सकी है। तीन जजों की पीठ ने सुनाया फैसला-सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को 16 अक्टूबर को ही सुरक्षित कर लिया था।

महिला डॉक्टर से बलात्कार मामले की सुनवाई बंगाल से बाहर कराने पर सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत मामले की सुनवाई पश्चिम बंगाल से बाहर कराने की मांग को खारिज कर दिया. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट जज के पास जांच के पास पर्याप्त अधिकार हैं और यदि आवश्यक होगा तो वह सबूतों की जांच के बाद दूसरी जांच का आदेश दे सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई द्वारा दायर की गई छठी स्थिति रिपोर्ट की भी जांच की, लेकिन जांच अभी चल रही होने के कारण उसने इस पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी नोट किया कि कोलकाता की एक अदालत ने 4 नवंबर को मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोप तय किए और अब 11 नवंबर से मामले की दिन-प्रतिदिन सुनवाई शुरू होगी. सुनवाई के दौरान, स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के लिए एक प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत की. सुप्रीम कोर्ट ने एनटीएफ की रिपोर्ट को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की. इससे पहले, 15 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से राज्य में नागरिक स्वयंसेवकों की भर्ती को लेकर सवाल पूछा था और उनकी नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित डेटा मांगा था. 30 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया था।

राहुल गांधी ने वीडियो संदेश जारी कर कहा-

व्यवसाय विरोधी नहीं, एकाधिकारवाद के खिलाफ हूं

मैं उस नीति का विरोधी हूं जिसमें एक दो तीन चार पांच लोग ही पूरी तरह से कारोबार पर प्रभावी रहें

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें व्यवसाय विरोधी करार देना का प्रयास कर रही है लेकिन सच यह है कि वह कारोबार नहीं बल्कि व्यवसाय में एकाधिकारवाद के खिलाफ हैं।

श्री गांधी ने आज वीडियो संदेश में कहा, भाजपा ने मुझे व्यवसाय विरोधी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है लेकिन मैं साफ बता देना चाहता हूं कि मैं बिजनेस विरोधी नहीं हूं बल्कि बिजनेस में एकाधिकारवाद के खिलाफ हूं। मैं उस नीति का विरोधी हूं जिसमें एक दो तीन चार पांच लोग ही पूरी तरह से कारोबार पर प्रभावी रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया,मैं नौकरियों का समर्थक हूं, व्यवसाय का समर्थक हूं, नवप्रवर्तन का समर्थक हूं, प्रतिस्पर्धा का समर्थक हूं लेकिन मैं एकाधिकार विरोधी हूं। हमारी अर्थव्यवस्था तभी फलेगी-फूलेगी जब सभी व्यवसायों के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष स्थान होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा-

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और विस्तृत बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक, चाहे वह शहर में हो या दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में, उन्नत चिकित्सा सेवाओं तक आसानी से पहुंच सके। इसी उद्देश्य से राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे ये केंद्र जिला अस्पतालों के समान उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें। डॉ. यादव ने अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव स्वस्थ नागरिकों से बनती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्वस्थ नागरिकों से ही आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण संभव है। डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 17 सरकारी और स्वशासी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और 8 अन्य मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत 12 मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना है। 30 हजार से अधिक चिकित्सकीय, सहायक चिकित्सकीय पदों पर भर्ती की जाएगी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रमुख स्वास्थ्य केन्द्रों पर आधुनिक तकनीक और सेवाओं का समावेश किया जाएगा। डॉ. यादव ने बताया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए 42 प्रकार की एंटी-कैंसर दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं । सभी जिला और सिविल अस्पतालों में अब 132 प्रकार की जांच सेवाएं उपलब्ध हैं, जबकि सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 80 प्रकार की जांच की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश में 324 हब और 1,610 स्पोक स्थापित किए गए हैं, जहां प्रतिदिन 35 हजार से अधिक जांचें जिला स्तर पर और 32 हजार से अधिक जांचें हब और स्पोक पर हो रही हैं। इसी तरह सभी जिला अस्पतालों में अब डायलिसिस, सीटी स्कैन और डिजिटल एक्स-रे की सुविधाएं उपलब्ध हैं। मध्यप्रदेश का एमवाय (महाराजा यशवंतराव) अस्पताल इन्दौर देश का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए उन्नत सीएआर-टी थेरेपी शुरू की गई है। डॉ. यादव ने कहा कि जिला अस्पतालों में 295 से बढ़ाकर 530 प्रकार की दवाएं, सिविल अस्पतालों में 448, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 373 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 299 प्रकार की दवाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं।

पत्थरों की मोटाई व गुणवत्ता पाई गई कम

बदले जाएंगे राम मंदिर के प्रथम तल पर लगे पत्थर

अयोध्या, एजेंसी। अयोध्या में राम मंदिर के दूसरे तल का निर्माण कार्य जारी है। इसी बीच एक बड़ा फैसला लिया गया है। राम मंदिर के प्रथम तल पर लगे कुछ कमजोर पत्थरों को हटाकर उनके स्थान पर मकराना के पत्थर लगाए जाएंगे।

इसकी जानकारी खुद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने दी। मंदिर के प्रथम तल पर कुछ पत्थर ऐसे लग गए हैं, जिनकी मोटाई कम है। गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। बताया जा रहा है कि ये पुराने पत्थर हैं। यह निर्णय राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के पहले दिन लिया गया है। उन्होंने बताया कि 800 मीटर लंबे परकोटा में रामकथा आधारित 80 म्यूरल यानी भित्ति चित्र बनाए जाने हैं। ये सभी म्यूरल कांस्य पर बनने हैं। इन्हें पत्थरों पर चिपकाया जाएगा। इनमें से 10 म्यूरल बनकर आ गए हैं। एक म्यूरल लगा भी दिया गया है। म्यूरल लगाने के बाद क्या-क्या सावधानियां बरतनी होंगी ? बैठक में इस पर भी चर्चा की गई। राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को लंबी दूरी तक पैदल न चलने पड़े, इसके लिए मंदिर के निकट ही एक ऐसा भवन निर्मित किया जा रहा है, जहां श्रद्धालु अपने जूता-चप्पल जमा कर सकेंगे। इस भवन में एक बार में छह से 10 हजार जोड़ी जूता-चप्पल जमा किया जाएगा। दर्शन के बाद बाहर निकलते ही श्रद्धालु जूता-चप्पल पहनकर कुबेर टीला व परिसर में बने अन्य मंदिरों तक जा सकेंगे। इससे उन्हें लंबी दूरी तक नंगे पांव नहीं चलना पड़ेगा। बैठक में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव, मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा सहित कार्यदाई संस्था के इंजीनियर मौजूद थे।

चक्रवाती तूफान फिर तबाही मचाने को तैयार!

9 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिवाली के बाद देशभर का मौसम बदल चुका है। पूरे भारत में ठंड अपना असर दिखाने लगी है। इस बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर चक्रवाती तूफान के एक्टिव होने का अलर्ट दिया है। बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बन रहा है। इसके चलते पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा और समुद्र तटीय राज्यों में बारिश होगी। आंधी-तूफान के साथ बिजली चमकने और ओलावृष्टि होने की भी चेतावनी है। ऐसे में चक्रवाती तूफान एक बार फिर तबाही मचाने के लिए तैयार है। मौसम विभाग ने 12 नवंबर तक साउथ इंडिया और नॉर्थ इंडिया के राज्यों में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। आइए जानते हैं कि मौसम विभाग का ताजा अपडेट क्या कहता है

5 दिन इन राज्यों में बरसेंगे बादल-मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के सेंटर में साइक्लोनिक सर्कुलेशन की स्थिति बन रही है। इसके प्रभाव से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा और हवाओं का चक्रवात बनेगा, जिसके असर से 12 नवंबर तक केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पुदुचेरी, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा, अंडमान निकोबार द्वीप समूह में तूफान हवाएं चल सकती हैं। गरज-चमक के साथ बिजली गिरेगी। भारी बारिश होने के भी आसार बन रहे हैं। मणिपुर के कुछ इलाकों में ओले गिर सकते हैं, 8 से 10 नवंबर के बीच केरल और माहे, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में छिटपुट ओलावृष्टि की भी संभावना है। ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अगर पिछले 24 घंटों की बात करें तो देश के कई राज्यों में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। देश के पश्चिम मध्य प्रदेश, रायलसीमा, तमिलनाडु, पुदुचेरी और कराईकल, केरल को छोड़कर बाकी राज्यों में न्यूनतम तापमान लगातार ऊपर बना हुआ है। माहे में कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान में 1-2 की गिरावट दर्ज हुई है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, उत्तरी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-4 ऊपर रहा।

अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के विधायकों में हुई भिड़ंत

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विधायकों के बीच हाथापाई

- सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, देशबन्धु। अनुच्छेद 370 को लेकर गुरुवार को कश्मीर विधासभा में विधायकों के बीच जमकर हाथापाई हुई। हंगामे के बाद स्पीकर को विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। स्पीकर ने कहा कि जो वेल में आए उनको बाहर निकालो। मार्शलों ने कुछ भाजपा विधायकों को विधासभा से बाहर निकाला। कई भाजपाई विधायक जख्मी भी हुए हैं।

हंगामा तब शुरू हुआ जब विधानसभा में बारामुल्ला से लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद के भाई और लंगेट से विधायक खुर्शीद अहमद शेख द्वारा अनुच्छेद 370 पर बैनर दिखाए। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति जताई। बैनर को देखकर भाजपा के विधायक भड़क गए और उन्होंने उनके हाथ से उस पोस्टर को छीन लिया। भाजपा विधायकों ने शेख खुर्शीद के हाथ से पोस्टर लेकर उसे फाड़ दिया। इस दौरान हाथापाई होने लगी और जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष और विपक्षी भाजपा के विधायकों ने एक-दूसरे का कॉलर पकड़ा और धक्कामुक्की की। सदन में हंगामे के बाद पहले विधानसभा की कार्यवाही 20 मिनट फिर अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल, लंगेट से विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने सदन में आर्टिकल 370 की वापसी का बैनर लहराया।

दोहरे मानदंड अपना रही भाजपा: उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने भाजपा पर दोहरे मानदंड अपनाने और पिछले दस वर्षों में जम्मू-कश्मीर को बर्बाद करने का आरोप लगाया। चौधरी ने चिल्लाते हुए कहा, आपने जम्मू की जमीन बेच दी, आपने जम्मू में सब कुछ बेच दिया, आप जम्मू में गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार हैं।

शेख के समर्थन में भाजपाई विधायकों से भिड़ गए

भाजपा विधायकों के विरोध का सिलसिला यहीं नहीं थमा। वे सदन के वेल से होते हुए खुर्शीद अहमद शेख के पास पहुंचे और उनके हाथ से बैनर छीन लिया। इस दौरान सज्जाद लोन और वहीद पारा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के कुछ अन्य विधायक शेख के समर्थन में भाजपा विधायकों से भिड़ गए। दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की हुई। मार्शलों ने आर एस पठानिया सहित कई भाजपा विधायकों को सदन से बाहर निकाला। 3 विधायक घायल हुए। हालांकि इसके बाद भी भाजपा विधायक 'विशेष दर्जा प्रस्ताव वापस लो' के नारे लगाते रहे। इस पर स्पीकर ने कहा कि, यह विधानसभा है,मछली बाजार नहीं है।

जम्मू में गोरखा समुदाय ने किया विरोध प्रदर्शन

इस बीच जम्मू में गोरखा समुदाय ने विधानसभा में पारित जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे की बहाली की मांग वाले प्रस्ताव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने जम्मू क्षेत्र के लिए एक अलग राज्य की मांग की और कहा कि इससे उन्हें अपनी सरकार बनाने का मौका मिलेगा जो उनके हित में फैसले लेगी। जम्मू कश्मीर गोरखा सभा की अध्यक्ष करुणा छत्री के नेतृत्व में महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों गोरखाओं ने प्रस्ताव पारित होने पर नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार और कश्मीर-केंद्रित नेतृत्व के खिलाफ विरोध रैली निकाली। बुधवार को पारित प्रस्ताव में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को बहाल करने की मांग की गई थी जो पहले अब निरस्त अनुच्छेद 370 में दिया गया था। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री चौधरी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इससे उन्हें नागरिकता के अधिकार से वंचित किया जा सकता है।

अतिक्रमण अभियान के दूसरे दिन रेलवे स्टेशन रोड पर चली मुहिम

नालियों में भरे डिस्पोजल और पॉलिथिन, अवैध होर्डिंग भी हटाए

इटारसी, देशबन्धु। नगर पालिका के अतिक्रमण विरोधी अभियान के दूसरे दिन आज रेलवे स्टेशन रोड पर मुहिम चली अतिक्रमण विरोधी अभियान के दूसरे दिन आज नगर पालिका के अमले ने सीएमओ ऋतु मेहरा के नेतृत्व में पुलिस थाने के सामने से रेलवे की दीवार से सटे टपों को हटाना प्रारंभ किया। दोपहर बाद प्रारंभ हुई कार्रवाई में मैकेनिकों के कई टप हटाए तो वाइन शॉप के सामने के टप और हाथठेले हटाये तो नालियां हजारों डिस्पोजेबल और अन्य चीजों से भरी थीं। इनके कारण नाली पूरी तरह से चौक थी। हाथठेलों पर अंडा, बिरयानी और दूसरी अन्य खाने-पीने की चीजें बेचने की आड़ में शराब पिलायी जाती है। जेसीबी मशीन से बंद पड़े टपों को उठाकर नगर पालिका के ट्रैक्टर ट्राली में रखकर ले जाया जा रहा था एक आटो रिक्शा चालक ट्रैक्टर से टकरा गयाऔर विवाद करने लगा। हालांकि बाद में उसे समझाकर शांत कर दिया।

अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान करीब आधा दर्जन से अधिक होर्डिंग भी जेसीबी के पंजे से तोड़कर निकाले गये हैं। इस मार्ग पर अभी बड़ी संख्या में होर्डिंग इस कारण नहीं हटाए जा सके, क्योंकि ऊपर बिजली की हाईटेंशन लाइन थी, जेसीबी का पंजा टकराने की संभावना थी। विद्युत विभाग से लाइन बंद कराके फिर कटर मशीन से काटकर इनको निकाला जाएगा। मुहिम के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा, सब इंजीनियर आदित्य पांडेय, अतिक्रमण अमला प्रभारी रत्नेश पचौरी सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

इनका कहना है....

कुछ होर्डिंग की अप्रैल 2024 तक की रसीदें थीं। अप्रैल 2024 के बाद सारे होर्डिंग अवैध हो गये हैं, सारे ही हटाए जाएंगे, आज बिजली की लाइन ऊपर होने के कारण जेसीबी का पंजा नहीं चल सकता था, विभाग से बात करके सभी को हटाया जाएगा। जहां तक नालियां चौक होने की बात है, जल्द सफाई कराके वहां दोबारा किसी को टप नहीं रखने दिया जाएगा ताकि सफाई व्यवस्था में व्यवधान न हो।

ऋतु मेहरा, सीएमओ नपा इटारसी

नाला मोहल्ला हो सकता है अगला लक्ष्य - नाला मोहल्ला में ग्वालबाबा से मेहरागांव रोड किनारे बनी झुग्गियां अगला लक्ष्य हो सकती हैं। तहसीलदार ने इन झुग्गियों में रहने वालों को नोटिस जारी किये हैं, ये सभी झुग्गियां अवैध हैं, जो सरकारी भूमि पर बनी हैं। पूर्व में यहां कार्रवाई की गई थी, लेकिन कुछ ही झुग्गियां हटायी जा सकी थीं। यहां सर्वे के बाद पता चला कि सभी झुग्गियां सरकारी जमीन पर बनीं और अवैध हैं, हो सकता है, अगला लक्ष्य नाला मोहल्ला की इन्हीं झुग्गियों को हटाने का हो।

नर्मदा नियरे

सार-समाचार

वर्मा कालोनी में श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई

इटारसी, देशबन्धु। पुरानी इटारसी की वर्मा कालोनी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रसिद्ध भागवत कथाकार पंडित रामेश्वर शर्मा द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। आज भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर पंडित रामेश्वर शर्मा ने भगवान के जन्म की कथा का सुंदर चित्रण किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने बहुत ही ध्यान से सुना और भगवान के जन्म की खुशी में भक्तिभाव से भाग लिया। इस आयोजन में स्थानीय निवासी और आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने भाग लिया और भगवान के जन्म की कथा को सुनकर अपनी भक्ति और श्रद्धा को बढ़ाया। पंडित रामेश्वर शर्मा की कथावाचन शैली और उनकी विशेषज्ञता ने उपस्थित लोगों को भगवान के जन्म की कथा में डूबने का अवसर प्रदान किया और उन्हें भगवान के प्रति और अधिक श्रद्धा और भक्ति से भर दिया।

श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में अन्नकूट का प्रसाद लेने उमड़े भक्त

इटारसी, देशबन्धु। श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लक्कड़ गंज इटारसी में आज 7 नवंबर गुरुवार को सायंकाल 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक नगर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसाद पाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इससे पहले श्री गोवर्धन पूजा क्षेत्र के प्रमुख कर्मकांडी ब्राह्मण पंडित मुरारी लाल उपाध्याय पूजन करायी और सहयोग मंदिर के पुजारी पं. सत्येंद्र पांडे एवं पं. पीयूष पांडे ने किया। मुख्य यजमान श्रीमती सीमा अनिल भदौरिया थे। भोजन प्रसादी शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक वितरित की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, संरक्षक दीप अरोरा, शेखर पगारे, सचिव जितेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष दीपक जैन उपाध्यक्ष देवेंद्र पटेल अमित सेठ दरबार संगठन सचिव भूपेंद्र विश्वकर्मा घनश्याम तिवारी सहसचिव प्रवीण अग्रवाल, सुनील दुबे शिक्षक, महेंद्र पचौरी ओमप्रकाश कैथवास ने भक्तों को बड़ी संख्या में भक्तों के आने पर व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

आज 50 किसानों को डीएपी-यूरिया का वितरण, कल भी मिलेगी खाद

इटारसी, देशबन्धु। विपणन संघ के खेड़ा स्थित खाद गोदाम से आज 50 किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है। कुल वितरण टोकन अनुसार आज 451 से 500 टोकन संख्या तक डीएपी, यूरिया और डीएपी, सुपर फास्फेट के विकल्प के तौर पर टीएसपी का वितरण हो रहा है। खाद्य वितरण केन्द्र पर टोकन अनुसार खाद वितरण से भीड़ लगना बंद हो गयी है और किसानों को आसानी से खाद मिलने लगी है। केन्द्र पर आज 108 मीट्रिक टन डीएपी और 2360 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध थी। जिन किसानों को आज के टोकन नंबर मिलने थे, वही खाद प्राप्त करने आये थे जिससे कहीं भी किसी को परेशानी नहीं हुई। खाद का वितरण कल 500 नंबर टोकन से आगे किया जाएगा।

सैंया भये कोतवाल नाटक के रिहर्सल में गीत- संगीत भी जुड़ा

इटारसी, देशबन्धु। कर्मवीर थिएटर और इटारसी मंच के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 9 एवं 10 नवंबर को संस्कार मंडपम मैरिज गार्डन सोना सांवरी में आयोजित होने जा रहे इटारसी रंग महोत्सव कार्यक्रम में चार नाटकों समर यात्रा, पंच परमेश्वर, गुड़िया का जीवन, सैंया भये कोतवाल का मंचन होने जा रहा है। संयोजक समिति के नीरज सिंह चौहान एवं राजकुमार दुबे ने बतलाया कि सैंया भये कोतवाल नाटक का मंचन प्रभावी बनाने के लिए निर्देशक कर्मवीर सिंह राजपूत ने आज की रिहर्सल में भोपाल की गीत संगीत की टीम को भी आमंत्रित किया था जिसकी उपस्थिति में रिहर्सल सम्पन्न हुई। गायक विशाल आम्बले ने गीत की तो लक्ष्मी नारायण ओसले और अनिल संसारे ने संगीत की प्रस्तुति दी जो प्रभावकारी रही। नाटक की रिहर्सल में रंगकर्मी ब्रजकिशोर पटेल, पवन पालीवाल, गोरी डोंगरे, सरताज सिंह, पंकज पटेल डॉ दिनेश प्रजापति, मोहम्मद आफाक और प्रणय रोड़े की सहभागिता रही।

मतदाता जागरूकता रैली में भैंरूंदा का संकल्प, करेंगे रिकार्ड मतदान

स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने बताया मतदान का महत्व

इटारसी, देशबन्धु। मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी के लक्ष्य को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के मार्गदर्शन में भैरूंदा एसडीएम श्री मदन सिंह रघुवंशी ने विशाल रैली का आयोजन किया।

भैरूंदा में बीवीएम स्कूल से आरंभ होकर सीएम राईज स्कूल तक पहुंची रैली की निरंतरता ऐसी थी कि पूरा रैली मार्ग ही प्रतिभागियों से भरा हुआ था। बैंड एवं नारों के साथ आम मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा था। रैली की विशालता ने आज भैरूंदा के संकल्प को बताया कि 13 नवंबर को होने जा रहे बुदनी उपचुनाव में वे पिछला रिकार्ड भी तोड़ने जा रहे हैं। रैली के शीर्ष पर पूरे रैली मार्ग में स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने चलो रे वोट देने गीत के साथ प्रस्तुति दे रही थी। जागरूकता सीएम राईज स्कूल प्रांगण में पहुंचकर एसडीएम मदन रघुवंशी ने रैली के उद्देश्यों को बताते हुये रिकार्ड मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर मंच से सभी प्रतिभागियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। शपथ का वाचन सारिका घारू ने किया। सारिका घारू ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह के निर्देशन में वे स्वीप गतिविधियां कर रही हैं।

एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने कहा कि बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के तहत अधिक से अधिक मतदान के लिए अनेक स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आमलोगों, दुकानदारों, अन्य ग्राम के निवासियों को एक साथ प्रेरित करने तथा आवश्यक जानकारी देने में इस विशाल रैली से मदद मिली है। रैली में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा पुलिस प्रशासन तथा मीडिया समूह तथा गणमान्य पत्रकारों का इस रैली को सफल बनाने में योगदान रहा।

एमजीएम कॉलेज में जिला स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

इटारसी, देशबन्धु। शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता एवं खेल अधिकारी संजीव कैथवास के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालय ने सहभागिता की जिसमें पीएमश्री महाविद्यालय हरदा, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय सोहागपुर, होम साइंस महाविद्यालय नर्मदापुरम, डिग्री कॉलेज हरदा की टीम शामिल हुई। हरदा टीम के कोच राहुल सराठे, नर्मदापुरम होम साइंस कॉलेज से विमला कदम, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज सुहागपुर से हर्ष डोंगरे उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने टीम कोच और खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि सबसे अच्छा खिलाड़ी वह है जो खेल भावना से खेलते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और निर्णय क्षमता को दुरुस्त करता है। प्राचार्य द्वारा चयनित खिलाड़ियों को संभागस्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी ने महिला फुटबॉल खेल का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन और खिलाड़ियों का चयन खेल अधिकारी संजीव कैथवास द्वारा किया गया।

विधिक साक्षरता बाइक रैली निकाली

इटारसी, देशबन्धु। विधिक साक्षरता के अवसर पर आज न्यायालय परिसर से एक बाइक रैली का आयोजन किया गया। न्यायाधीश हर्ष भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस रैली के माध्यम से, न्यायाधीश हर्ष भदौरिया ने लोगों को विधिक जागरूकता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो समाज में कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने में मदद करेगी और लोगों को अपने अधिकारों के लिए खड़े होने में सक्षम बनाएगी। एक महत्वपूर्ण कदम है जो जनता को कानून से जुड़ी जानकारी प्रदान करने के लिए उठाया गया है। विधिक साक्षरता से तात्पर्य है जनता को कानून से संबंधित सामान्य बातों से परिचित कराकर उनका सशक्तीकरण करना। यह कार्यक्रम लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करने में मदद करेगा और उन्हें कानूनी मामलों में अपने अधिकारों का उपयोग करने में सक्षम बनाएगा।

छठ पर्व : अस्तांचल सूर्य को दिया अर्घ्य

आज सुबह उदित होते सूर्य को अर्घ्य देकर होगा व्रत का समापन

इटारसी, देशबन्धु। उत्तर भारतीय समुदाय ने आज छठ पर्व के अंतर्गत अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया और पथरोटा नहर किनारे छठी मैया की पूजा की। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में गुरुवार शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। एक सबसे अधिक खलने वाली बात यह रही कि नहर किनारे विशालकाय नीलगिरि के पेड़ होने के कारण व्रतियों को डूबते सूर्य के दर्शन नहीं हुए और उन्होंने प्रतीकात्मक सूर्य दर्शन मानकर अर्घ्य दिया। वर्षों पूर्व लगाये ये वृक्ष अब इतने बड़े हो गये हैं कि शाम को साढ़े चार बजे से ही सूर्य इनकी ओट में चला जाता है।

छठ पूजा के अवसर पर शहर के पथरोटा नहर पर उत्तर भारतीय समुदाय के लोगों ने छठ माता की पूजा-अर्चना की। पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया, और पति सहित बेटे की लंबी आयु की कामना की। इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय समाज के लोग उपस्थित रहे। लोक आस्था के महापर्व छठ पर व्रतियों ने पथरोटा नहर के तट पर श्रद्धा एवं आस्था के साथ पूजा अर्चना की। गुरुवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रती पहला अर्घ्य प्रदान किया। इसके बाद शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को छठ का दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। इसके साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व समाप्त हो जाएगा।

छठ महापर्व को लेकर नहर किनारे भव्य तैयारी की गई हैं। छठव्रतियों का आज रातभर यहां नहर किनारे मेला लगा रहेगा और छठ मैया के भजन चलेंगे। शाम को अर्घ्य के समय समाज के युवाओं और बच्चों ने आतिशबाजी की और पटाखे फोड़े। यहां गन्ने की दुकानें भी लगी थीं। काफी संख्या में महिला व्रती पैदल ही घाट पहुंची। पैदल जाने वाली महिलाएं छठी माई की गीत गाते हुए पहुंच रही थीं। जय छठी मईया की जय-जयकार से शाम को पूरा तट गूंज उठा। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। छठ महापर्व के आखिरी दिन शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया जाएगा। उसके बाद चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व का समापन होगा।

बाल विवाह रोकथाम हेतु निगरानी दल गठित

नर्मदापुरम, देशबन्धु। संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 11 से 12 नवम्बर को देवउठनी एकादशी है, जिसके पश्चात् विवाह प्रारंभ होते हैं और विवाह मुहूर्त भी अत्याधिक होते हैं। विवाह मुहुर्तों एवं अन्य प्रमुख सामाजिक अवसरों व तिथियों पर बड़ी संख्या में एकल व सामूहिक विवाहों का आयोजन किया जाता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अनुसार विवाह हेतु लड़के की उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिये। तत्संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देश पर बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला, विकासखंड एवं ग्राम/वार्ड स्तर पर निगरानी दल गठित किये गये है। जिला स्तरीय निगरानी दल में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्?य, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सदस्य, सचिव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, प्रशासक बन स्टाप सेंटर एवं सत्यार्थी फाउण्डेशन सदस्य रहेंगे। इसी तरह ब्लाक स्तरीय निगरानी दल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सदस्य, तहसीलदार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी/बीआरसी सदस्य, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सदस्य/सचिव, विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद सदस्य, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नेहरू युवा केन्द्र, पैरालीगल वालेटियर विधिक सेवा एवं स्वैच्छिक संगठन के प्रतिनिधि सदस्य रहेंगे। ग्राम पंचायत/वार्ड स्तरीय निगरानी दल में सरपंच/ वार्ड परिषद अध्यक्ष, पंचाय सचिव सदस्य, पटवारी, शिक्षक समस्त सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सदस्य/सचिव, एएनएम स्वास्थ्य विभाग सदस्य, मातृ सहयोगिनी समिति, शौर्य दल सदस्य एवं स्व सहायता समूह की महिलाये सदस्य रहेंगी।

कंट्रोल रूम स्थापित: जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ने बताया कि देवउठनी ग्यारस के अवसर पर होने वाले सामूहिक एवं निजी विवाह कार्यक्रमों में बाल विवाह रोकने के लिये लाडो अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले में परियोजना स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाईन एवं पुलिस हेल्प लाइन के दूरभाष नम्बर 1098 एवं 100 पर एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम (वन स्टॉप सेटर) प्रभारी श्रीमती प्रतिभा वाजपेयी, प्रशासक के दूरभाष नम्बर 07574-252251 एवं 8319517190 पर दी जा सकती है। इनका कार्यक्षेत्र संपूर्ण नर्मदापुरम जिला रहेगा। इसी तरह विकासखंड बनखेड़ी एवं पिपरिया में अनिल कुमार चौधरी परियोजना अधिकारी बनखेड़ी,पिपरिया, विकासखंड सोहागपुर में श्रीमती जसिंता तिग्गा परियोजना अधिकारी सोहागपुर, विकासखंड माखन नगर में श्रीमती सुषमा चौरसिया परियोजना अधिकारी माखन नगर, विकासखंड नर्मदापुरम में प्रमोद गौर परियोजना अधिकारी मबावि नर्मदापुरम ग्रामीण, नगरीय क्षेत्र नर्मदापुरम में श्रीगती प्रीति यादव परियोजना अधिकारी नर्मदापुरम, नगरीय क्षेत्र इटारसी में श्रीमती दीप्ति शुक्ला प्रभारी परियोजना अधिकारी मबावि इटारसी, विकासखंड केसला में योगेश घाघरे परियोजना अधिकारी मवावि केसला एवं विकासखंड सिवनी मालवा में श्रीमती रेखा यदुवंशी प्रभारी परियोजना अधिकारी मबावि सिवनीमालवा को उपलब्ध कराई जा सकती है। इनके अतिरिक्त ग्राम स्तर पर आंगनवाड़ी केन्द्र, विद्यालय ग्राम पंचायत भवन, पुलिस चौकी में भी बाल विवाह की सूचना दी जा सकती है।

बिरसा मुंडा जयंती पर जिले के 83 जनजाति बाहुल्य ग्राम का किया जाएगा सुनियोजित विकास

प्रमुख सचिव जनजातिय कार्य विभाग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए निर्देश

नर्मदापुरम, देशबन्धु। प्रमुख सचिव जनजाति कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन ई रमेश कुमार ने जनजातिय कार्य विभाग की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा अवगत कराया की 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर नर्मदा पुरम जिले के 83 जनजाति बाहुल्य ग्राम का सुंनियोजित विकास कर इन ग्रामों को 25 मापदंडों पर उन्नत बनाया जाएगा। प्रमुख सचिव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के द्वारा भी हाल ही में इस कार्य योजना को मंजूरी दी गई है। नर्मदापुरम जिले में योजना के तहत 6 विकास खंडो के 83 गांव शामिल किए गए हैं। जिनका संपूर्ण विकास कर इन्हें उन्नत और विकसित बनाया जाएगा। प्रमुख सचिव श्री ई रमेश कुमार ने जनजाति कार्य योजना के सफल क्रियान्वन के लिए दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर चयनित 83 गांव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जनजाति संवर्ग के समुदाय को हितग्राही मूलक एवं सामुदायिक योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके लिए जनजातीय हितग्राहियों के मध्य इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाएगा ताकि हितग्राही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सके। प्रमुख सचिव ने जिले के 18 विभागों के जिला अधिकारियों एवं चयनित ग्रामों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को भी निर्देश जारी किया कि वह प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर सक्रिय रहकर योजना को अमली जामा पहनाए। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए की जनजाति कार्य विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं से वंचित ऐसे जनजाति परिवारों को विशेष तौर पर चिन्हित कर उन्हें विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। प्रमुख सचिव ने 11 नवंबर तक विशेष कार्य योजना एवं प्रस्ताव बनाकर भारत सरकार को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान नर्मदापुरम संभाग आयुक्त के जी तिवारी, कलेक्टर सोनिया मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान नर्मदापुरम सौजान सिंह रावत एवं चयनित ग्रामों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग संजय द्विवेदी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

नर्मदापुरम जिला एक उभरता हुआ औद्योगिक क्षेत्र है : कलेक्टर

•जिले में उपलब्ध हैं औद्योगिक विकास के लिए समुचित संसाधन
•रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संबंध में उद्योगपतियों के साथ बैठक संपन्न

नर्मदापुरम, देशबन्धु। जिले में आगामी 7 दिसंबर को होने वाले 6 वे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संबंध में जानकारी देने एवं कॉन्क्लेव में स्थानीय उद्योगपतियों एवं अन्य उद्यमियों की सभागिता की भूमिका के संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने उपस्थित उद्योगपतियों, नवीन उद्यमियों तथा उद्योग संघ प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में उद्योग इकाइयों की स्थापना के लिए सर्वाधिक संभावनाएं है। उन्होंने कहा की उद्योगों से समाज एवं क्षेत्र की आर्थिक स्थिति तो बेहतर होती ही है साथ ही हमारे क्षेत्र की पहचान राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी बनती है। कलेक्टर ने कहा कि जैसा कि हम सब जानते हैं कि जिले में कृषि प्रसंस्करण उद्योगों की बहुल्यता है। इसीलिए यह कॉन्क्लेव इस क्षेत्र के साथ ही अन्य नवीन उद्योगों की स्थापना, देश विदेश के उद्योगपतियों के लिए जिले में निवेश, युवा उद्यमियों को अवसर प्रदान करने के लिए मंच उपलब्ध कराएगा। कॉन्क्लेव में मुख्य रूप से फूड प्रोसेसिंग यूनिट, पर्यटन, जलीय गतिविधियों, लॉजिस्टिक, खनिज, वनोपज, एक जिला एक उत्पाद पर विशेष फोकस रहेगा। कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया की जिले में इन सभी क्षेत्रों में औद्योगिक विस्तार की सबसे अधिक संभावनाएं हैं। जिले में लॉजिस्टिक के लिए भी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले के समस्त उद्योगपतियों से अपील की है की कॉन्क्लेव में सभी अपनी सहभागिता दें तथा जिले में होने वाले इतने बड़े आयोजन को सफल बनाएं।

बैठक में एमपीआईडीसी के रीजनल डायरेक्टर द्वारा कॉन्क्लेव में होने वाली गतिविधियों के संबंध में उद्योगपतियों एवं उद्योग संघ के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर को संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। एंट्री पास के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी उद्योगपतियों, उनके प्रतिनिधि, युवा उद्यमियों से अपील की है कि सोमवार से पोर्टल प्रारंभ होगा जिसमें सभी उद्योगपति, उद्योग संघ आदि रजिस्ट्रेशन करे। रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही पास जारी किए जाएंगे। बैठक में उद्योग संघ इटारसी के अध्यक्ष मोहन खण्डेलवाल, उद्योग संघ सिवनीमालवा के अध्यक्ष महेश गोयल, अवध नारायण चौहान नर्मदापुरम, बनखेडी से अमित महेश्वरी, पिपरिया से विवेक महेश्वरी, नर्मदापुरम से गौरव सेठ, इटारसी से विजय राठी, कीरतपुर से रमन बंसल, इटारसी से नकुल अग्रवाल, एमपीआईडीसी नर्मदापुरम के रीजनल डायरेक्टर एनके वर्मा, प्रबंधक एमपीआईडीसी राकेश तिवारी, कार्यपालन यंत्री एमपीआईडीसी एसके जैन, महाप्रबंधक उद्योग विभाग कैलाश माल, सहायक संचालक उद्योग विभाग गुंजन जैन सहित जिले के उद्योग संघ के प्रतिनिधि एवं उद्योगपति उपस्थित रहे।

नर्मदा और तवा के संगम पर बांद्राभान मेला 13 से

कलेक्टर- एसपी ने मेला स्थल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

नर्मदापुरम, देशबन्धु। जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर स्थित नर्मदा व तवा के संगम स्थल बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार बांद्राभान मेला 13 से 15 नवंबर तक लगेगा। मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरण सिंह ने अधिकारियों के साथ गुरुवार को मेला स्थल का निरीक्षण किया।

कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। पार्किंग, परमिट आदि की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की जाए। मेला अवधि के दौरान होम गार्ड जवानों की टीम तथा गोताखोर भी मेला स्थल पर उपस्थित रहें। कलेक्टर ने मेला स्थल पर लगने वाली दुकानों के बिजली कनेक्शन एवं झूलों का सुरक्षा प्रमाणन करवाए जाने के लिए भी निर्देशित किया। बांद्राभान मेला स्थल पर व्यवस्थित ले आउट डाला जाए। मेला स्थल पर बेरिकेडिंग भी अच्छे से कराएं। मेला स्थल पर आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हों। उन्होनें पेयजल, चलित शौचालय आदि की भी व्यवस्थाए किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रि में बिजली जाने की समस्या न हो इसके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। संपूर्ण मेला क्षेत्र में उचित एनाउसमेंट सिस्टम एवं कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाए। निरीक्षण के दौरान को सीईओ जिला पंचायत श्री एसएस रावत, जिला पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी, डीएसपी ट्रैफिक संतोष कुमार मिश्रा, एसडीओपी पराग सैनी, जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नर्मदा नियरे

सार-समाचार

बैठक आयोजित

नर्मदापुरम, देशबन्धु। जिला राजस्व कर्मचारी संघ की बैठक जिला अध्यक्ष शिवम पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में समस्त कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण के संबंध में सभी कर्मचारियों से विचार विमर्श किया गया एवं सभी कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराने हेतु आश्वासन दिया गया । बैठक में जिला मुख्यालय के सभी राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

एएनएम नियुक्ति संबंधी निर्णय हेतु दस्तावेजों के परीक्षण 8 को

नर्मदापुरम, देशबन्धु। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें के निर्देशानुसार उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट याचिका तथा संबंधित अन्य याचिकाओं में पारित आदेश के परिपालन में समस्त याचिकाकर्ताओं जिन्होनें कर्मचारी चयन मंडल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूल-5 के अंतर्गत महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) की सीधी भर्ती हेतु आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं उनका नाम मेरिट में है। वह नियुक्ति संबंधी नियमानुसार निर्णय लिये जाने हेतु दस्तावेजों के परीक्षण के संबंध में 8 नवम्बर को सुबह 9.30 बजे संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष समस्त यथोचित दस्तावेजों एवं माननीय न्यायालय निर्णय की सर्टिफाइड कापी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चत करें। एवं जो एएनएम जिला नर्मदापुरम के अंतर्गत संविदा एएनएम के पद पर कार्यरत है वे अपने निर्धारित टीकाकरण कार्य पूर्ण कर कार्यालय में उपस्थित होंगी।

शिविर में बनाए 61 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड

हरदा, देशबन्धु। आयुष्मान भारत योजना की पात्रता श्रेणी में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों को शामिल किया गया है। इस आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड तैयार करने के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने दिये है। इसी क्रम में गुरूवार को वृद्धाश्रम में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि शिविर में 68 वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले 61 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा 15 आभा आईडी बनाई गई। शिविर में 70 लोगों की बीपी जांच, 24 लोगों की शुगर जांच तथा 30 लोगों का हीमोग्लोबिन टेस्ट कराये गये।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये ऑनलाइन आवेदन करें

हरदा, देशबन्धु। प्रभारी सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के नवीनीकरण आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होने जिले के सभी शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे सत्र 2024-25 के पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के नवीनीकरण आवेदन एमपीटास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा कराना सुनिश्चित करें।

खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने किया आंगनबाड़ी व उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण

हरदा, देशबन्धु। मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा ने गुरुवार को टिमरनी विकासखंड के ग्राम बड़वानी में संचालित उचित मूल्य की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकान में उपलब्ध गेहूं, चावल के स्टॉक को देखा और दुकान में उपस्थित उपभोक्ताओं से चर्चा की।

आयोग के अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने ने उपभोक्ताओं से गेहूं, चावल, शक्कर व नमक वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होने वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता के संबंध में भी पूछताछ की। इस दौरान उचित मूल्य की दुकान संचालक ने बताया कि गांव में नेटवर्क की समस्या रहती है। आयोग के अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने ग्राम केलझिरी स्थित आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से चर्चा कर बच्चों की उपस्थिति और पोषण आहार वितरण के संबंध में जानकारी ली। श्री मल्होत्रा ने ग्राम रहटगांव स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा वहां भर्ती बच्चों की माताओं से केन्द्र में मिलने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता के संबंध में पूछताछ की। इस दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी वासुदेव भदोरिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

सामाजिक न्याय विभाग में दिव्यांगजनों के लिए पर्याप्त उपकरण उपलब्ध

नर्मदापुरम, देशबन्धु। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की उप संचालक एवं डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर ने बताया कि एडिप योजनांतर्गत एलिम्को जबलपुर से दिव्यांगजनों को वर्ष 2022-23 में परीक्षण उपरांत वर्ष 2023-24 में सहायक उपकरण, वितरण शिविरों के माध्यम से सहायक उपकरण उपलब्ध कराये गये थे, वितरण पश्चात भी विभाग में सहायक उपकरण जैसे ट्रायसिकल, व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी (अस्थिबाधित) उपलब्ध है। उन्होने सभी दिव्यांगजनों से अनुरोध किया है कि वे अपनी आवश्यकतानुसार उपलब्ध सामग्री में से पात्रतानुसार सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते है। उपकरण प्राप्त करने हेतु पिपरिया, बनखेडी, सोहागपुर के दिव्यांगजन सतीश गोतम एवं विजय कुमार आदिवासी समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत बनखेड़ी,पिपरिया से प्राप्त कर सकते है एवं अन्य ब्लॉक के दिव्यांगजन आरके पगारे सीनियर पी.एण्ड.ओ.जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र डीडीआरसी नर्मदापुरम से संपर्क कर उपकरण प्राप्त कर सकते है।

जिले में उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता - उप संचालक कृषि

नर्मदापुरम, देशबन्धु। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नर्मदापुरम द्वारा अवगत कराया गया कि नर्मदापुरम जिले में रबी सीजन हेतु यूरिया, डीएपी व एनपीके उर्वरको की उपलब्धता लगातार कराई जा रही है। आज जिले को 2716 मे.टन एनपीके पिपरिया रैक से प्राप्त हुआ है जिसका डिस्पेच चल रहा है व चंबल यूरिया की रैक इटारसी लग चुकी है। आगामी 11 नवम्बर को इटारसी में 900 टन डीएपी व 715 में टन एनपीके उर्वरक प्राप्त होना संभावित है। वर्तमान में उर्वरको की कमी नही है। डबल लॉक केंद्रो में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आज तक जिले को लगभग 43253 मे.टन यूरिया, 13747 मे.टन डीएपी, 6963 मे.टन एनपीके उर्वरक प्राप्त हो गया है। जिसमें से 23533 मे.टन यूरिया, 10439 मे.टन डीएपी, 3994 मे.टन एनपीके उर्वरको का वितरण किसानो को किया जा चुका। आज दिनांक तकं जिले के डबल लॉक केंद्र नर्मदापुरम में 912 मे.टन यूरिया 54 मे.टन डीएपी, इटारसी में 2368 मे.टन यूरिया 108 मे.टन डीएपी, माखननगर में 513 मे.टन यूरिया 330 मे.टन डीएपी, सेमरीहरचंद में 508 मे.टन यूरिया, बानापुरा में 1283 मे.टन यूरिया 139 मे.टन डीएपी व एनपीके उर्वरक उपलब्ध है। उपसंचालक, कृषि ने अपील की है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी व एनपीके उर्वरक उपलब्ध है। शासन के निर्देशानुसार कृषक भाई अपनी ऋणपुस्तिका एवं आधारकार्ड लेकर ही उर्वरक विकय स्थल पर जाये, यदि कोई विकेता अधिक कीमत पर उर्वरक विक्रय करता है या अनाधिकृत व्यक्ति अनावश्यक रूप से उर्वरक का भंडारण कर कालाबाजारी करते हुये पाया जाता है तो तत्काल कृषि अधिकारियो को सूचित करे, ताकि संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सके।

संभागायुक्त ने ग्राम चौपालों में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बोरपानी व गोराखाल के ग्रामीणों से योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में पूछताछ की

हरदा, देशबन्धु। नर्मदापुरम् संभाग के आयुक्त केजी तिवारी ने गुरुवार को टिमरनी विकासखंड के ग्राम बोरपानी और गोराखाल का दौरा कर वहां ग्राम चौपाल में ग्रामीणों से चर्चा कर सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में पूछताछ की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होने ग्रामीणों से खाद बीज वितरण, उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न, नमक, शक्कर वितरण के संबंध में जानकारी भी ली। उन्होंने गांव में विद्युत आपूर्ति, स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति तथा गांव में स्वास्थ्य कार्यकर्ता की उपस्थिति और टीकाकरण के संबंध में भी ग्रामीणों से पूछताछ की। संभागायुक्त ने अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने ग्राम बोरपानी में कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की गांव में खेती की पाठशाला कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय ग्रामीणों को खेती की नई नई तकनीक और जैविक खेती के संबंध में जानकारी दी जाए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों को 5 लाख रूपये तक के निशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी, इसके लिए कार्ड बनाए जा रहे हैं। कमिश्नर श्री तिवारी ने ग्रामीणों की शिकायत पर स्कूल के शिक्षकों को सचेत किया कि भविष्य में समय पर स्कूल आए अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों का नियमित निरीक्षण करें तथा देर से स्कूल आने वाले शिक्षकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें।

श्री तिवारी ने बोरपानी में जल जीवन मिशन के तहत गांव में नल जल योजना संचालन के संबंध में ग्रामीणों से पूछताछ की। ग्रामीणों ने बोरपानी के हाई स्कूल का भवन पुराना व छोटा होने से नये हाई स्कूल भवन निर्माण की मांग की, जिस पर उन्होने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री को भवन की रिपेयरिंग कराने के निर्देश दिये और नये भवन के लिये प्रस्ताव भेजने के लिये भी कहा। ग्रामीणों ने कमिश्नर श्री तिवारी को बताया कि बिजली का बिल समय पर नहीं आता है तथा एक साथ कई माह का बिल आने से वे जमा नहीं कर पाते हैं, जिस पर उन्होने महाप्रबन्धक को निर्देश दिये कि हर माह ग्रामीणों को नियमित रूप से बिजली का बिल दिया जाए ताकि वे आसानी से जमा कर सकें। उन्होने गांव की विद्युत लाइन के मेंटेनेंस के संबंध में महाप्रबन्धक को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया, उपायुक्त जीसी दौहरे, एसडीएम महेश बड़ोले एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

रंजन को हर माह हृदय रोग की दवा निःशुल्क उपलब्ध कराएं: ग्राम गोराखाल की चौपाल में ग्रामीण सेवादास ने संभाग आयुक्त को बताया कि उसका बेटा रंजन के हृदय का वाल्व खराब होने से कुछ वर्ष पूर्व सरकारी खर्चे पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत भोपाल के अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था। उसके बाद वहां के डॉक्टर्स ने जो दवा नियमित रूप से खाने के लिये कहा था, वो दवा काफी महंगी है जो वह गरीबी के कारण नियमित रूप से नहीं खरीद पा रहा है। श्री तिवारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी व बीएमओ को निर्देश दिये कि रंजन के लिये कल ही एक माह की दवा उसके घर पहुँचाएं। उन्होने सेवादास से कहा कि वह हर माह नियमित रूप से अस्पताल से यह दवा निशुल्क प्राप्त कर ले। श्री तिवारी ने गांव की एएनएम को निर्देश दिये कि वह उसे हर माह घर जाकर निःशुल्क दवा उपलब्ध करा दे।

दसिया बाई का नामांतरण करें व नया पट्टा दिलाएं: बोरपानी ग्राम में दसिया बाई ने संभाग आयुक्त को बताया कि उसके पति की मृत्यु 5 वर्ष पूर्व हो चुकी है लेकिन अभी तक पति के स्थान पर उसका नाम वनाधिकार पट्टे में नहीं चढ़ाया गया है, जिस पर संभाग आयुक्त ने राजस्व व वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि दसिया बाई का नामांतरण कर हर हाल में 20 नवम्बर तक दसिया बाई के नाम का वनाधिकार पट्टा उसे उपलब्ध कराएं। उन्होने एसडीएम श्री बड़ोले और एसडीओ वन विभाग को निर्देश दिये कि ग्राम गोराखाल व बोरपानी में शिविर लगाकर इस तरह के फौती नामांतरण के लंबित सभी मामलों का निराकरण किया जाए। उन्होने गोराखाल के ग्रामीणों को समझाया कि उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न हर माह ले लें क्योंकि अब पहले की तरह एक से अधिक माह का खाद्यान्न एक साथ नहीं मिलेगा। उन्होने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिये कि नियमित रूप से गृह भेंट करें तथा बच्चों व गर्भवती महिलाओं को समय पर टीके लगवाएं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्रमांक 2518/रा./न.पा./2024 — सिवनी मालवा दिनांक 05.11.2024

सूचना विज्ञप्ति प्रकाशन

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा के समस्त शापिंग काम्पलेक्स की दुकाने जो गत वर्षो में नीलामी / निविदा / ई-निविदा के माध्यम से अधिकतम बोलीकर्ताओं को आवंटित की जाना है किन्तु सूची में दर्शित प्रीमियम बकायादारों को कार्यालय द्वारा बार-बार सूचना पत्रो के जारी किये जाने के पश्चात भी राशि जमा नही की गई एवं परिषद में लिये गये निर्णय अनुसार अंतिम 03 मौके अंतिम सूचना पत्र 15 दिवस, 07 दिवस, 03 दिवस जारी कर प्रीमियम बकायादारों को अंतिम बार सूचित किया जा चुका है विज्ञप्ति जारी के 03 दिवस में राशि जमा नही होने पर परिषद के निर्णय एवं नगर पालिका अधिनियम 1961 के अचल सम्पत्ति अंतरण नियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाकर बकायादारों की दुकाने निरस्त कर जमा राशि राजसात कर दुकान की पुनः नीलामी / निविदा आमंत्रित की जावेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तदायित्व बकायादारों का होगा ।

क्रं.	शापिंग काम्पलेक्स का नाम	दुकान नं.	बकायादार का नाम	अधिकतम बोली	जमा राशि	बकाया राशि
1	खेडापति शापिंग काम्प. बानापुरा	28	साहिब / शहीद खांन	760000/-	660000/-	100000/-
2	अन्नपर्णा मार्ग शापिंग काम्प. बानापुरा	8	सादिक / रहमत खान	185000/-	105000/-	80000/-
3	अन्नपूर्णा मार्ग शापिंग काम्प. बानापुरा	9	अमरसिंह / रेवाराम	205000/-	56250/-	148750/-
4	अन्नपूर्णा मार्ग शापिंग काम्प. बानापुरा	10	सादिक / रहमत खान	185000/-	160000/-	25000/-
5	राजमाता विजया. सि. शा. काम्प. सि.मा.	2	अनिल कुमार / रामकिशोर गौर	525000/-	145000/-	380000/-
6	माँ रेवा (भूतल) शा. काम्प सि.मा.	15	शांतिबाई / रघुवीर सिंह राजपूत	610000/-	192000/-	316000/-
7	माँ रेवा (प्रथम तल) शा. काम्प सि.मा.	1	शैलेन्द्र / जगदीश सुनानिया	508000/-	460000/-	150000/-
8	वीर सावरकर शा. काम्प. सि.मा.	10	घासीराम / सुक्कू	165000/-	66250/-	98750/-
9	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	1	शेख समीर / शेख सलीम	214000/-	194000/-	20000/-
10	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	2	मुकेश / गब्बूलाल	214000/-	168500/-	45500/-
11	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	4	विपिन / गोकुल मालवीय	214000/-	114000/-	100000/-
12	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	7	आदित्य/सुनील अंसगे	214000/-	75000/-	139000/-
13	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	8	पवन / राधेश्याम रघुवंशी	214000/-	156000/-	58000/-
14	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	17	मो. अखतर / मो. असगर	191000/-	161000/-	30000/-
15	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	18	मो. अखतर / मो. असगर	198000/-	158000/-	30000/-
16	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	19	शहवाज / रमजान खांन	204000/-	196000/-	8000/-
17	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	20	नकुल / छगनलाल लोवंशी	210000/-	200000/-	10000/-
18	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	21	पियूष / ओमप्रकाश राठौर	217000/-	204250/-	12750/-
19	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	22	मोनिका / रुपेश राठौर	223000/-	195750/-	27250/-
20	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	24	रेवाशंकर / भागीरथ	242000/-	90500/-	151500/-
21	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	25	महेश / मोहनलाल	248000/-	100000/-	148000/-
22	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	26	चंदाबाई / किशोर बसोड	255000/-	115000/-	140000/-
23	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	27	जुनैद / सईद खांन	261000/-	170500/-	90500/-
24	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	28	जुबैर / सईद खांन	268000/-	194000/-	90400/-
25	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	29	तोहसिफ / सईद खांन	275000/-	153750/-	121250/-
26	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि. मा.	30	मोईन/सईद खांन	301000/-	151000/-	150000/-
27	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	32	महेश/ चांदमल	195500/-	95000/-	100500/-
28	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	34	मोहसिन / सईद खांन	204000/-	160000/-	44000/-
29	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	35	इमरान / इकराम शाह	210000/-	130000/-	80000/-
30	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	36	प्रतिक्षा/बृजेश काजवे	204000/-	118000/-	86000/-
31	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	37	निक्की / झुम्मकलाल	204000/-	160000/-	44000/-
32	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	38	सुनील / महेश	204000/-	100000/-	104000/-
33	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	41	प्रभान / भैयालाल	204000/-	76000/-	128000/-
34	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	42	लता / रामदास मालवीय	204000/-	35000/-	169000/-
35	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	44	मोहसिन / अब्दुल रहमान	204000/-	94000/-	110000/-
36	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	46	राहुल / गोविन्द	204000/-	134000/-	70000/-
37	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	47	योगेन्द्र / कोदूलाल	204000/-	174000/-	30000/-
38	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	48	पूजा / पवन दुबे	204000/-	40000/-	164000/-
39	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	49	नंदनी / भूपेन्द्र बसोड	220000/-	130000/-	90000/-
40	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	50	प्रेमलता / मनीष	121000/-	70250/-	50750/-
41	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	51	शेख अमजद / शेख हफीज	193000/-	80000/-	113000/-
42	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	52	अरवाज / सकील खांन	193000/-	165000/-	28000/-
43	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	54	फेजल / ताहिर कुरैशी	193000/-	80000/-	113000/-
44	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	55	ताहिर / अब्दुल हमीद	193000/-	80000/-	113000/-
45	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	56	मनमोहन / धूडेलाल	193000/-	135000/-	58000/-
46	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	57	मनोहर/पंचमलाल	193000/-	165000/-	28000/-
47	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	58	इरफान / इल्यास	193000/-	140000/-	53000/-
48	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	60	अजय/भैयालाल राठौर	193000/-	113000/-	80000/-
49	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	61	सफीक / गुलाम मोहम्मद	193000/-	170000/-	23000/-
50	कदेली नदी फल सब्जी शा. काम्प. सि.मा.	62	शेख मुकीस / शेख हनीफ	234500/-	184500/-	50000/-

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सि.मा.

नर्मदापुरम, शुक्रवार 08 नवम्बर 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

जम्मू-कश्मीर : बवाल का भाजपायी मकसद

जम्मू-कश्मीर की नवगठित विधानसभा के पहले दिन से जारी हंगामा तथा शोर-शराबा गुरुवार को अपने चरम पर पहुंच गया जब सत्तारुढ़ नेशनल कांफ्रेंस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के बीच जमकर हाथापाई हुई जिसमें कई भाजपायी विधायकों को मार्शलों की मदद से सदन के बाहर निकाल दिया गया। सोमवार से प्रारम्भ हुए सत्र में हर रोज जम्मू-कश्मीर को पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने तथा 5 अगस्त, 2019 को खत्म किये गये अनुच्छेद 370 को रद्द करने के लिये लाये प्रस्ताव पर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। लगातार चौथे दिन भी कोई काम-काज नहीं हो पाया। गुरुवार को विवाद उस वक्त बढ़ गया जब सदन में इंजीनियर रशीद के भाई व विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने अनुच्छेद 370 तथा कैदियों को रिहा करने से सम्बन्धित बैनर लहराये। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई जिसके कारण हुए हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम ने पहले तो कुछ देर के लिये बैठक स्थगित की लेकिन सदन बहाल होने पर भी शोर-शराबा नहीं थमा। इसके कारण विधायकों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसमें दो भाजपा सदस्य ज़ख्मी हो गये।

बुधवार को भी इसी मामले को लेकर सदन में दोनों पक्षों के बाच हंगामा बरपा था। वैसे इस मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष को बेहतर समन्वय करने तथा भाजपायी मकसद को समझने की जरूरत है जो चाहती है कि इसके जरिये एनसी, कांग्रेस तथा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की छवि को नकारात्मक ढंग से पेश किया जाये। इस बहस में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी का भी बयान लेकर उतर आना दर्शाता है कि सत्ताधारी दल द्वारा की गई मांगों (अनुच्छेद 370 की बहाली और राज्य को पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा देना) को देशविरोधी साबित करने और उसका फायदा झारखंड एवं महाराष्ट्र के चुनावों में उठाने की कोशिश भाजपा द्वारा की जायेगी।

एक दशक के बाद बनी सरकार के पहले सत्र के पहले दिन (सोमवार को) से ही बहस और शोर-शराबे की शुरुआत हो गई थी जब पीडीपी के सदस्य और पुलवामा विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि वहीद पारा ने पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा और अनुच्छेद 370 को बहाल करने सम्बन्धी प्रस्ताव पेश किया था। यह न केवल उनकी पार्टी की नीति के बल्कि एनसी-कांग्रेस गठबन्धन की घोषणा के भी अनुकूल था। चुनाव प्रचार के दौरान इन तीनों ही दलों ने इस आशय का वादा तो किया ही था, वे इसकी मांग भी करते रहे हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस प्रस्ताव के प्रति सैद्धांतिक सहमति तो जताई पर यह कहकर उसे नामंजूर किया कि 'यह वास्तविक इरादे से नहीं बल्कि केवल ध्यान आकर्षित करने के लिये प्रस्तुत किया गया है।' उन्होंने यह भी कहा कि 'यदि पीडीपी इसे लेकर गम्भीर थी तो उसे एनसी के साथ पहले विचार-विमर्श करना चाहिये था।' उल्लेखनीय है कि पीडीपी राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा तो है लेकिन उसने विधानसभा का चुनाव अलग लड़ा था। साफ है कि प्रादेशिक राजनीति की प्रतिद्वंद्विता इस मसले में भी दिखलाई दी जो इस राज्य के लिये सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। वैसे बुधवार को भी यही नौबत आ गई थी जब उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने भी इसी आशय का प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिया था। उसके बाद भी हुए हंगामे के कारण ऐसे ही सदन को स्थगित करना पड़ा था।

90 सीटों वाली जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एनसी-कांग्रेस-वामपंथी दलों के गठबन्धन को 49 सीटें मिली हैं जबकि भाजपा को 29 प्राप्त हुईं। पीडीपी के हिस्से में 3 ही सीटें आई हैं। 7 निर्दलीय एवं 1 आप का सदस्य है जो प्रकारान्तर से इंडिया का ही हिस्सा है। वैसे तो दलगत स्थिति ऐसी है कि गठबन्धन की सरकार को तत्काल कोई खतरा नहीं है और भाजपा द्वारा राज्य की निर्वाचित सरकारों को गिराने का जो खेल होता है वह फिलहाल इस राज्य में होने से रहा। तो भी गठबन्धन सरकार को राज्य के लिये इस सबसे अहम मुद्दे को बहुत सम्हलकर, पूरे समन्वय एवं तैयारियों के साथ सिरे तक पहुंचाना होगा। जिस तरह से गठबन्धन सरकार के ही उप मुख्यमंत्री तथा इसे लेकर समान विचार व दृष्टिकोण रखने वाली पीडीपी द्वारा बगैर विचार-विमर्श के इस पर प्रस्ताव लाया गया, उसका लाभ भाजपा ले सकती है।

स्मृति ईरानी का बयान भी कुछ इसी तरह के इशारे कर रहा है। हंगामे के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस लेकर उन्होंने कहा कि 'इंडिया एलायंस वाले संविधान की कसमें खाते हैं परन्तु वे उसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं।' बुधवार को 370 बहाली को लेकर हुए हंगामे को लेकर उन्होंने इंडिया, खासकर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां के आदिवासियों को आरक्षण का जो लाभ मिल रहा है वह खत्म हो जायेगा। झारखंड तथा महाराष्ट्र में जो चुनाव होने जा रहे हैं उनमें इसके कारण कांग्रेस को नुकसान होने की उन्होंने बात कही। यह बात तो साफ है कि स्मृति इस मामले को इस तरह से पेश कर रही हैं कि अनुच्छेद 370 की बहाली मानों देश की एकता व अखंडता के खिलाफ़ है, जैसी कि उनकी पार्टी करती आई है, तो सम्भवत: भाजपा इसी विमर्श को आगे बढ़ा सकती है। हालांकि पहले भी वह इस अनुच्छेद को संविधान विरोधी व देश की एकता के खिलाफ बतलाती रही है। यह भी सच है कि मामला केन्द्र के हाथ में है तथा जम्मू-कश्मीर के पास प्रस्ताव पारित करने के अलावा कोई अधिकार नहीं है, फिर भी इस पर समन्वय ज़रूरी है। राज्य सरकार कोई ऐसी गलती न करे जिससे भाजपा या केन्द्र को कोई बड़ा कदम उठाने का मौका मिल जाये।

झारखंड : हिंदू-मुस्लिम खेल शुरू!

ये आपकी रोटी भी छीन रहे हैं।
ये आपकी बेटी भी छीन रहे हैं।
ये आपकी माटी को भी हड़प कर रहे हैं।''

ठीक इन्हीं शब्दों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड के चुनाव प्रचार धमाकेदार एंट्री ली है। जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी इसमें किसी भ्रम या गलतफहमी की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं कि 'ये' कौन हैं जिन्होंने यह भयानक खतरा पैदा कर दिया है। 'ये' और कोई नहीं, बांग्लादेशी घुसपैठिये हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी के दावे के अनुसार, उनके एनडीए का प्रतिद्वंद्वी झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राजद गठबंधन का शासन 'पूरे झारखंड में बसा रहे हैं'। बेशक, प्रधानमंत्री काफी विस्तार से इसका वर्णन करते हैं कि 'ये' का खतरा कितना बढ़ चुका है। वह बताते हैं कि स्कूलों में सरस्वती वंदना तक पर रोक लगने लगी है, जिसे पता चलता है कि खतरा कितना बढ़ गया है। तीज-त्यौहारों में पत्थरबाजी होने लगी है, माता दुर्गा को भी रोक दिया गया है, कर्फ्यू लगने लगा है, जिससे पता चलता है कि स्थिति कितनी खतरनाक हो चुकी है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर छल-कपट होने लगा है, जिससे पता चलता है कि पानी सिर के ऊपर से गुजर गया है।

बेशक, खतरे का यह सारा आख्यान प्रतिद्वंद्वी जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी गठबंधन को चुनाव के लिए निशाना बनाने के लिए ही है। इसीलिए, यह आख्यान शुरू होता है झारखंड के इस सत्ताधारी गठबंधन पर इसका आरोप लगाने के साथ कि उसने 'तुष्टीकरण की राजनीति को चरम पर पहुंचा दिया है', कि 'ये तीनों दल सामाजिक ताना-बाना तोड़ने पर आमादा हैं', कि 'ये तीनों दल घुसपैठिया समर्थक हैं' आदि, आदि। और आख्यान खत्म होता है इसके आह्वान के साथ कि 'इस घुसपैठिया गठबंधन को अपने एक वोट से उखाड़ फेंकना है।' बीच में खासतौर पर आदिवासियों को लक्षित कर इसका दावा भी किया जाता है कि 'अगर जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी की यही कुनीति जारी रही तो, आदिवासी समाज का दायरा सिकुड़ जाएगा।'

बेशक, कोई अति-भोलेपन से यह पूछ सकता है कि यह तो महज घुसपैठ के विरोध का सवाल है, इसमें विभाजनकारी या विशेष रूप से आपत्तिजनक क्या है? हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री ही नहीं उनके नेतृत्व में छोटे-बड़े भी भाजपा नेताओं के यही बोल बोलने पर किसी शिकायत को संज्ञान लिए जाने की सूरत में, चुनाव आयोग भी ऐसी ही मुद्रा अपनाए। इतना ही नहीं, वर्तमान चुनाव आयोग के लिए तो शायद इतनी सफाई भी काफी होगी कि प्रधानमंत्री ने रोटी-बेटी-माटी छीनने के लिए किसी का समुदाय का नाम थोड़े ही लिया है; वह तो आम तौर पर घुसपैठियों के खतरे की बात कर रहे थे। लेकिन, संप्रदाय विशेष का नाम न लेकर 'वे' की आड़ में छुपकर तीर चलाने वाले भी और चुनाव आयोग समेत विभिन्न संस्थाओं में बैठे उनके मददगार भी बखूबी जानते हैं कि इस मामले को एक भावात्मक मुद्दा बनाकर उछालने का मकसद, शुद्ध सांप्रदायिक है।

यह समझने के लिए किसी विशेष जानकारी की जरूरत नहीं है कि संघ-भाजपा जब भी घुसपैठ की बात करते हैं, घुसपैठ का शोर मचाते हैं, उनका निशाना सिर्फ और सिर्फ मुसलमानों पर होता है। नागरिकता कानून में मोदी सरकार द्वारा थोपे गए संशोधन के बाद तो सच शीशे की तरह साफ हो जाता है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, जहां एक समय में पहले के पूर्वी पाकिस्तान से बड़ी संख्या में हिंदू शरणार्थी आए थे, गृह मंत्री अमित शाह से लेकर, पूरा संघ-भाजपा कुनबा बढ़-चढ़कर इसके दावे करता आया है कि किस तरह, नागरिकता कानून संशोधन के अंतर्गत बड़ी संख्या में हिंदू शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दी जाने वाली है। वास्तव में यह याद दिलाने की शायद ही जरूरत होगी कि नागरिकता कानून में विवादास्पद संशोधन कर, पड़ोसी मुस्लिम बहुल देशों, बांग्लादेश, पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान से आए गैर-मुसलमानों के लिए, भारतीय नागरिकता हासिल करना आसान बनाने का ही काम किया गया है। बेशक, यह कानून न सिर्फ सरासर धार्मिक भेदभाव करने वाला है बल्कि भारत के धर्मनिरपेक्ष संविधान के खिलाफ जाकर, नागरिकता के साथ सांप्रदायिक शर्त भी जोड़ता है, इसके बावजूद इसे मोदी सरकार ने देश पर इसे ठीक इसीलिए थोपा है कि यह, मुसलमानों को निशाना बनाने के जरिए, उसके सांप्रदायिक एजेंडा की मदद करता है। इस समय भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरा संघ परिवार, झारखंड में उसी सांप्रदायिक एजेंडा के सहारे चुनावी वैतरणी को पार करने की उम्मीद लगाए है।

यह भी महज संयोग ही नहीं है कि न सिर्फ घुसपैठ बल्कि खासतौर पर बांग्लादेशी घुसपैठ का ऐसा ही हौवा खड़ा करने के जरिए, जिस असम में एनआरसी के नाम पर आम लोगों पर भारी तकलीफें थोपी गयीं और राज्य पर बहुत भारी आर्थिक बोझ भी डाला गया, वहां की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, हिमंता बिस्वा सरमा झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खतरे का शोर मचाने में, भाजपा नेताओं में सबसे आगे हैं। हैरानी की बात नहीं होगी कि झारखंड में इसी मुद्दे को उछालने की संभावनाओं को देखते हुए ही, भाजपा ने बिस्वा सरमा को इस चुनाव के लिए इंचार्ज बनाया है। वैसे मध्य प्रदेश के पूर्व-मुख्यमंत्री तथा अब केंद्रीय कृषि मंत्री, शिवराज सिंह चौहान को भी उनके साथ-साथ, सह-इंचार्ज बनाया गया था, लेकिन बिस्वा सरमा ने इस मुद्दे को उछालने की अपनी विशेष योग्यता के सहारे, उन्हें आसानी से किनारे लगा दिया लगता है।

हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के उक्त भाषण से पहले से बिस्वा सरमा झारखंड में इसका ऐलान कर प्रधानमंत्री के भाषण के लिए माहौल तैयार कर रहे थे कि, 'हम हारेगा न तो ये पीताम्बर, नीलाम्बर, सिद्ध, कान्हू, बिरसा मुंडा की भूमि को अरफान, इरफान, अंसारी, आलम गीर लूट लेगा...लूट लेगा ये लोग, हमारी बेटियों को लूटा, हमारा जमीन को लूटा, हमारी सरकार को लूटा, हमारे अहंकार को लूटा, हमें आवाज उठाना होगा, एक होना है।' इस खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक चुनावी दुहाई के खिलाफ चुनाव आयोग के सामने जेएमएम द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने पर, चुनाव आयोग ने तो कोई प्रतिक्रिया तक नहीं की लगती है, पर खुद बिस्वा सरमा ने काफी नंगई से यह सफाई जरूर पेश की थी कि उन्होंने तो घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाई है और इसके खिलाफ शिकायत कर, जेएमएम ने अपने घुसपैठिया समर्थक होने का ही सबूत दिया है!

राजेन्द्र शर्मा

> यह इसके बावजूद है कि एक के बाद एक, अनेक वस्तुगत अध्ययनों ने यह दिखाया है कि झारखंड के बंगाल से लगते हुए सीमावर्ती जिलों में और ऐतिहासिक कारणों से भी, बंगलाभाषी मुसलमानों की उल्लेखनीय मौजूदगी के अलावा, बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ के दावों का कोई आधार ही नहीं है। रोटी और मिट्टी के लिए खतरे के दावे तो और भी झूठे हैं।

इसी प्रसंग में इसको याद करना भी अप्रासंगिक नहीं होगा कि कई वर्ष लगाकर असम में कराई गई, राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) प्रक्रिया का नतीजा क्या हुआ? रंजन गोगोई के सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश रहते हुए, अंतत: अदालत के आदेश से जब नागरिकता के सत्यापन की यह खासतौर पर गरीबों के लिए संकटपूर्ण प्रक्रिया थोपी गई, भाजपा की डबल इंजनिया सरकार तब इसे लेकर बहुत उत्साहित थी। लेकिन, जब उनके दावों के विपरीत, राज्य की कुल आबादी में करीब बीस लाख लोग संदिग्ध नागरिकता वाले निकले और उसमें भी कुछ अनुमानों के अनुसार करीब दो-तिहाई हिंदू निकले, उसके बाद तो भाजपा ने यह एनआरसी कराने वाले तंत्र के खिलाफ और एनआरसी के खिलाफ ही जंग छेड़ दी। नतीजा यह कि कई वर्ष बाद भी इस एनआरसी को अधिसूचित नहीं किया गया है और करीब बीस लाख नागरिकों की नागरिकता का सवाल अधर में ही अटका हुआ है। इसके बाद भी, बिस्वा सरमा झारखंड में एनआरसी कराने का वादा करने में नहीं हिचके हैं।

बहरहाल, झारखंड में आदिवासी बहुल इलाकों में अपनी घुसपैठ बनाने की कोशिश में, घुसपैठ का मुद्दा उछालने का संघ-भाजपा ने पहले ही मन बना लिया था। गृहमंत्री अमित शाह चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले के अपने झारखंड के दौरों में ही, इसे शीर्ष स्तर से उठाने की शुरूआत कर चुके थे। जाहिर है कि जमीनी स्तर पर संघ परिवार का यह प्रचार और बहुत पहले से जारी था। इसे राज्य के लिए भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र को जारी करते हुए अपनी रैली में, अमित शाह ने एक बार फिर जोर-शोर से उठाया और भाजपा सत्ता में आएगी तो 'घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालने' के वादे किए। यह भी गौरतलब है कि मोदी के भाषण के दो रोज पहले ही जारी किए गए, भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में भी बाकायदा 'रोटी, बेटी, मिट्टी के लिए खतरे' की दुहाई दी गई है, जिसे प्रधानमंत्री ने 'मंगलसूत्र छीन लेंगे' आदि की पिछले आम चुनाव की अपनी कुख्यात सांप्रदायिक दुहाई की, अगली कड़ी बना दिया है।

यह इसके बावजूद है कि एक के बाद एक, अनेक वस्तुगत अध्ययनों ने यह दिखाया है कि झारखंड के बंगाल से लगते हुए सीमावर्ती जिलों में और ऐतिहासिक कारणों से भी, बंगलाभाषी मुसलमानों की उल्लेखनीय मौजूदगी के अलावा, बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ के दावों का कोई आधार ही नहीं है। रोटी और मिट्टी के लिए खतरे के दावे तो और भी झूठे हैं, सिवा इसके कि आदिवासी इलाकों में आदिवासियों के अनुपात में कुछ कमी जरूर आई है, लेकिन इसके लिए किसी भी तरह की घुसपैठ नहीं, तथाकथित विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीनों के अधिग्रहण के चलते विस्थापन ही सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। रही बेटियों के लिए खतरे की बात, तो इक्का-दुक्का अंतर्धार्मिक विवाहों को लेकर ही, यह वितंडा खड़ा किया जा रहा है। अध्ययनों के अनुसार ऐसे विवाहों की संख्या भी काफी थोड़ी ही होगी।

इस सब के सिलसिले में दो और सवाल हैं, जो सरकार में शीर्ष पर बैठी मोदी-शाह की जोड़ी से पूछे जाने चाहिए। पहला यह कि जब पिछले करीब पंद्रह वर्ष से जनगणना ही नहीं हुई है, बड़े पैमाने पर घुसपैठ, उसकी वजह से आदिवासियों का दायरा सिकुड़ने आदि के दावे, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री किस आधार पर कर रहे हैं। दूसरा यह कि अगर बड़े पैमाने पर बांग्लादेश से घुसपैठ हो भी रही है, तो क्या उसकी जिम्मेदारी गृहमंत्री अमित शाह पर ही नहीं आती है, जिनके जिम्मे देश की आंतरिक सुरक्षा है और सीमा सुरक्षा बल जैसे सीमा की सुरक्षा करने वाले बलों की बागडोर, जिनके ही हाथों में है। करीब ग्यारह साल से देश में मोदीशाही चल रही है, फिर घुसपैठ को वे अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ या विपक्षी सरकारों के खिलाफ हथियार कैसे बन सकते हैं।

फिर भी वे घुसपैठ को झारखंड में सबसे बड़ा मुद्दा बनाने पर बजिद हैं क्योंकि बंगलादेशी घुसपैठिया कहते ही, सांप्रदायिक पहलू प्रमुख हो जाता है। मुसलमानों के खतरे का जो नारा, पिछले आम चुनाव में पिट चुका था, उसे ही झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव और उप-चुनावों में दोबारा आजमाया जा रहा है। लगता है कि तीसरे कार्यकाल में मोदी के तरकश में एक यही तीर बचा है। तभी तो मोदी ने झारखंड में शुरूआत ही इसी तीर से की है।

(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

डोनाल्ड ट्रम्प का राष्ट्रपति बनना वैश्विक रूप से विघटनकारी

■ नित्य चक्रवर्ती

बहुप्रतीक्षित अमेरिकी चुनाव के नतीजे आ गये हैं। रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद की दौड़ में शानदार जीत हासिल की है और साथ ही सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत दिलाया है। यह स्पष्ट है कि अमेरिकी मतदाताओं के बहुमत ने इस राजनीतिक दिग्गज पर भरोसा दिखाया है, जिन्होंने अमेरिका को फिर से महान बनाने का वायदा किया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए, 2024 के चुनाव परिणामों ने कुछ असहज सवाल सामने ला दिये हैं। पार्टी नेतृत्व को इनपर विचार करना होगा। अब डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का वैश्विक प्रभाव क्या होगा?

सबसे पहले यह बताना जरूरी है कि डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी 2025 को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति पद संभालेंगे और इसलिए अभी से लेकर अगले साल 20 जनवरी तक 75 दिन बचे हैं। इस बीच की अवधि में बाइडेन सरकार का चरित्र कमजोर रहेगा, राष्ट्रपति कोई बड़ा फैसला नहीं ले पायेंगे।

सामान्य परिस्थितियों में इस तरह के बदलाव में कोई दिक्कत नहीं होती। लेकिन अभी पश्चिम एशिया और यूक्रेन में दो बड़े युद्ध चल रहे हैं। अमेरिका दोनों में ही उलझा हुआ है। उसके फैसले मायने रखते हैं। ट्रंप ने अपने चुनावी भाषण में कहा कि अगर वे चुने गये तो वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की से बात करके 24 घंटे में यूक्रेन युद्ध को रोक देंगे। यह चुनावी भाषण में कही गई बात थी लेकिन अगर ट्रंप इजरायल-हमास और रूस-यूक्रेन युद्ध में भी कोई बड़ा कदम उठाते हैं तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। 20 जनवरी को आधिकारिक रूप से राष्ट्रपति बनने से पहले ही वे अनौपचारिक रूप से विदेश मंत्री को अपने विचार बता सकते हैं और उनसे उसी के अनुसार आगे बढ़ने को कह सकते हैं। अच्छा हो या बुरा, दोनों युद्ध मोर्चों पर कुछ बदलाव तो होगा ही, संभवत: 20 जनवरी 2025 से भी पहले।

> सामान्य परिस्थितियों में इस तरह के बदलाव में कोई दिक्कत नहीं होती। लेकिन अभी पश्चिम एशिया और यूक्रेन में दो बड़े युद्ध चल रहे हैं। अमेरिका दोनों में ही उलझा हुआ है। उसके फैसले मायने रखते हैं। ट्रंप ने अपने चुनावी भाषण में कहा कि अगर वे चुने गये तो वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की से बात करके 24 घंटे में यूक्रेन युद्ध को रोक देंगे। यह चुनावी भाषण में कही गई बात थी।

यह स्पष्ट है कि अमेरिका के सहयोगी, खास तौर पर नैटो और यूरोपीय संघ घबड़ाये हुए हैं। ट्रंप के बहुमत का आंकड़ा-270 पार करने से पहले ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने ट्रंप को फोन करके बधाई दी और यह भी आश्वासन दिया कि उन्हें उनके साथ काम करने में खुशी होगी। अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से यह कूटनीतिक रूप से अनुचित है। फिर भी, यूरोपीय नेता दूसरे कार्यकाल के राष्ट्रपति के सामने झुकने के लिए कतार में खड़े हैं और आश्वासन दे रहे हैं कि वे अमेरिका के मित्र हैं, अमेरिका के विरोधी नहीं।

इस साल सितंबर में विस्कॉन्सिन में अपने चुनाव अभियान में ट्रंप ने जो कहा, उस पर यूरोपीय देशों के प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा: 'हमारे साथ हमारे सहयोगियों ने बहुत बुरा व्यवहार किया है, हमारे सहयोगी हमारे साथ हमारे तथाकथित दुश्मनों से भी बुरा व्यवहार करते हैं।' फिर उन्होंने कहा: 'सैन्य रूप से हम उनकी रक्षा करते हैं और फिर वे व्यापार में हमें धोखा देते हैं। अब हमें ऐसा नहीं होने देना चाहिए।ज्ज इससे संकेत बहुत स्पष्ट हैं।'

ट्रम्प के सलाहकारों ने दूसरे कार्यकाल के नीति पत्र में कहा है कि व्यापार के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। चीन और जापान के साथ यूरोपीय देशों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अमेरिका ने इसे बहुत लंबे समय तक झेला है। अपने पिछले कार्यकाल में ट्रम्प ने ईरान परमाणु समझौते और पेरिस जलवायु समझौते सहित कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों से हाथ खींच लिये थे। ट्रम्प चाहते थे कि नैटो सदस्य देश मानदंडों के अनुसार खर्च साझा करें। अंतिम समय में कुछ समझ बनी और ट्रम्प ने अमेरिकी फंडिंग में कोई खास कटौती नहीं की।

लेकिन अब, अपने दूसरे कार्यकाल में, वह अधिक आश्वस्त हैं, तथा वह अपनी समझ के आधार पर ही निर्णय लेंगे। उनमें एक बड़ी तानाशाही प्रवृत्ति है और पेंटागन के आकाओं के लिए उनके मन में बहुत कम सम्मान है। शांति आंदोलन के कार्यकर्ताओं के लिए ट्रंप एक पहेली हो सकते हैं। वे संघर्ष विराम के लिए 24 घंटे की समयसीमा दे सकते हैं या फिर किसी एक पक्ष को खत्म करने की स्थिति में आ सकते हैं। यथास्थितिवादी अंतरराष्ट्रीय नौकरशाही में ट्रंप एक विघटनकारी हैं। परिणाम अच्छे या बुरे हो सकते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति अपने दूसरे कार्यकाल में अधिक अप्रत्याशित होंगे।

भारत के बारे में क्या? सबसे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास राजनीतिक कारणों से खुश होने के कारण हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मोदी और ट्रंप में कुछ समानताएं हैं। वे दोनों ही तानाशाही और इस्लामोफोबिया के समान मरीज हैं। लेकिन ट्रंप की तुलना में नरेंद्र मोदी शांत हैं। केनेडा और अमेरिकी एजेंसियों के साथ नवीनतम कूटनीतिक उलझन में भारत को कुछ राहत मिलेगी। नरेंद्र मोदी को ट्रंप की व्यक्तिगत मदद इस समय बहुत मूल्यवान होगी।

फिर बांग्लादेश का मुद्दा है, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. मोहम्मद यूनुस इस साल सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र विधानसभा सत्र में भारतीय प्रधानमंत्री से मिलने के लिए बेताब थे, लेकिन मोदी ने टाल दिया। मोदी भी अमेरिकी चुनावों का इंतजार कर रहे थे। ट्रम्प ने दिवाली पर अपने संदेश में डॉ. यूनुस के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। अब डॉ. यूनुस के दिन गिने-चुने रह गये हैं। उन्हें हिलेरी क्लिंटन का दोस्त माना जाता है। वे ट्रम्प के लिए अछूत हैं। अमेरिका की नीति में नाटकीय बदलाव आयेगा। बांग्लादेश पर भी इसका असर पड़ेगा और यह भारतीय प्रधानमंत्री के साथ विचार-विमर्श के बाद किया जायेगा। इस तरह से मोदी को इस पूर्वी पड़ोसी से कुछ राहत मिलेगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका क्या असर होगा? ट्रंप मूल रूप से एक व्यवसायी हैं। वे राजनीति को व्यवसाय और अर्थव्यवस्था के चश्मे से समझते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में वे व्यापार युद्ध शुरू करेंगे- मुख्य रूप से चीन के साथ लेकिन भारत के साथ भी, जिसे उन्होंने 17 सितंबर को द्विपक्षीय व्यापार का 'बहुत बड़ा दुरुपयोगकर्ता' बताया था। टैरिफ वृद्धि से भारतीय निर्यात प्रभावित होगा। फार्मा निर्यात पर और अधिक असर पड़ेगा क्योंकि ट्रंप ओबामा केयर के प्रावधानों को खत्म करने या कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है और 2023-24 में भारतीय निर्यात का 18 प्रतिशत हिस्सा उसे मिला, जो एक दशक पहले 12 प्रतिशत था। भारत के लिए अमेरिका को निर्यात वृद्धि बनाये रखना और यहां तक कि स्तर को बढ़ाना घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है। अमेरिका द्वारा आयात पर ट्रंप के उच्च टैरिफ का अमेरिकी उपभोक्ताओं पर भी प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी उद्योग जगत का एक बड़ा हिस्सा चीनी आयात पर उच्च टैरिफ के पक्ष में नहीं है, क्योंकि उनके द्वारा निर्मित उत्पाद अधिक महंगे होंगे। अमेरिकी आर्थिक विकास के समग्र परिप्रेक्ष्य से भी ट्रम्प नीति की अपनी कमियां हैं। नीति को बाद में संशोधित किया जा सकता है।

कुल मिलाकर ट्रम्प 2.0 चीन, रूस, यूरोपीय संघ के देशों और भारत जैसे अग्रणी देशों सहित दुनिया के लिए एक कठिन दौर होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ उपायों के प्रभाव को कम करने के लिए ट्रम्प के साथ अपने व्यक्तिगत तालमेल का उपयोग कर सकते हैं। एक सख्त नीति के दायरे में भी, संशोधन की गुंजाइश है। डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के तहत भारत के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए भारतीय प्रधानमंत्री को ऐसा करना होगा।

ललित सुरजन की कलम से

ट्रंप का एजेंडा

'यह इतिहास की विडंबना है कि ट्रंप की कुदृष्टि जिन सात देशों पर पड़ी है वहां के वर्तमान हालात के लिए स्वयं अमेरिका बड़ी हद तक जिम्मेदार है। यह अमेरिका ही था जिसने इराक और ईरान के बीच दस साल तक चले खाड़ी युद्ध को प्रोत्साहित किया जिससे दोनों देश आंतरिक रूप से बहुत कमजोर हो गए। ईरान का शासक रजा शाह पहलवी अमेरिका का पिठ्ठू था। उसके खिलाफ बगावत हुई और अयातुल्ला खुमैनी के नेतृत्व में अमेरिका विरोधी शिया कट्टरपंथी सरकार काबिज हुई जो अमेरिका को नागवार गुजरी। उस समय से बिगड़े संबंध अभी तक सामान्य नहीं हो सके हैं। आज ईरान से जो लोग भागकर अमेरिका में पनाह मांग रहे हैं वे अपने ही देश की सरकार द्वारा सताए गए लोग हैं। यह सीधी बात ट्रंप की बुद्धि में नहीं आ रही है। ईराक के सद्दाम हुसैन की अमेरिकापरस्ती हमने देखी है। उसी सद्दाम हुसैन को अमेरिका ने दुनिया का सबसे बड़ा खलनायक बना दिया, जबकि हकीकत उससे बिल्कुल विपरीत थी। आज ईराक में अमेरिकापरस्त सरकार है। इसके बाद अगर वहां से शरणार्थी आ रहे हैं तो उनसे अमेरिका को क्यों कर गुरेज होना चाहिए?'

'जो ईरान की स्थिति है ठीक वैसे ही हालात लीबिया के हैं। कर्नल गद्दाफी की पराजय और मौत के बाद आज उस देश पर अमेरिका का ही कब्जा है ऐसा कहें तो गलत नहीं होगा, लेकिन अपने देश की बदहाली से परेशान लोग बेहतर जीवन की तलाश में अमेरिका का रुख कर रहे हैं तो वे आतंकवादी कैसे हो गए? यमन, सोमालिया और सूडान में भी स्थितियां बहुत खराब है। सूडान को तो पश्चिम की साम्राज्यवादी ताकतों ने मिलकर दो देशों में बांट दिया। यहां से जो शरणार्थी आ रहे हैं वे अपनी ही सरकार से डरकर भागे हुए लोग हैं। सीरिया की जहां तक बात है वहां तो गृहयुद्ध भडक़ाने का काम अमेरिका ने ही किया था। वहां की विद्रोही सेना को अमेरिका ने ओबामा के समय में लगातार मदद पहुंचायी, तो फिर वहां से जो लोग आ रहे हैं क्या उन्हें पनाह देना अमेरिका की नैतिक जिम्मेदारी नहीं है?'

(देशबन्धु में 02 फरवरी 2017 को प्रकाशित)

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/02/blog-post.html

आपके पत्र

छठ पर्व में शारदा जी का पंचतत्व में मिलन

इस बार छठ पूजा को देश विदेश में भोजपुरी गीतों के माध्यम से इस अनूठे एवं महत्वपूर्ण पर्व पर मशहूर लोकगीत गायिका शारदा सिन्हा के असामयिक निधन से प्रकृति भी ख़ामोश नज़र आ रही है। शुक्र इस बात का है कि उनकी अदाएं और खूबसूरत आवाज़ बराबर प्रकृति की ख़ामोशी को बराबर तोड़ने में लगी हैं। छठ पर्व में उनका जाना हमेशा उनकी याद को बनाए रखेगा।

जैसा कि हम सब जानते हैं बिहार उत्तर प्रदेश, झारखंड ,उत्तरी बंगाल, नेपाल के तराई क्षेत्र में मूलत: यह

खेल जगत

भारत को अतिरिक्त उछाल परेशान करेगी : इयान चैपल

नई दिल्ली, 7 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान इयान चैपल का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में अपने शॉट्स को ओवर द टॉप करने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें इस महत्वपूर्ण सीरीज के दौरान परिस्थितियों में अतिरिक्त उछाल का सामना करना पड़ेगा। भारत न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान पर 3-0 से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगा। कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली का खराब फॉर्म मेहमान टीम की मुख्य चिंताओं में से एक है। चैपल ने कहा, 'भारत को बल्लेबाजी में कुछ समस्याएं हैं। मुझे लगता है कि जायसवाल एक बहुत ही अच्छे दिखने वाले युवा खिलाड़ी हैं, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हैं, मुझे लगता है कि गिल वास्तव में खेल सकते हैं।

सूर्य की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला आज

पहले मैच में जीत के साथ आगाज के मकसद से उतरेगा भारत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- अभिषेक व संजू सैमसन की भारतीय सलामी जोड़ी का एक और इम्तिहान
- भारत के अक्षर, हार्दिक, अर्शदीप के सामने क्लासेन व स्टब्ज पर लगाम लगाने की चुनौती

नई दिल्ली, 7 नवम्बर (देशबन्धु)। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट के 360 डिग्री यानी समग्र बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव की अगुआई और अंतरिम कोच वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में भारतीय टीम शुक्रवार को मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरबन में चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के पहले मैच में शुक्रवार को जीत के साथ आगाज करने के मकसद से उतरेगी। भारत की निगाहें अपने घर में मेहमान न्यूजीलैंड टीम के हाथों रोहित शर्मा की अगुआई में तीन टेस्ट की सीरीज की मिली 0-3 से मिली हार की कसक मिटाने पर लगी हैं। भारत की दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गई टीम में न्यूजीलैंड से अपने घर में तीन टेस्ट की सीरीज 0-3 से हारने वाली टीम के 15 खिलाड़ियों में शामिल पर एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका न पाने वाले ऑलराउंडर अक्षर पटेल को छोड़ कोई भी खिलाड़ी शामिल नहीं है। ऐसे में न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज हारने का मनोवैज्ञानिक दबाव दक्षिण अफ्रीका उसके खिलाफ टी20 सीरीज खेलने गई भारतीय टीम के किसी भी खिलाड़ी पर नहीं होगा। भारत ने अपने पिछले पांचों टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते हैं वहीं दक्षिण अफ्रीका को मात्र एक में जीत मिली है जबकि चार हारा है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 2024 के टी20 विश्व कप के मैच सहित उससे पिछले दोनों मैच जीते हैं। भारत के अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांडया जैसे तेज गेंदबाजों के साथ बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती के लिए सबस बड़ी चुनौती दक्षिण अफ्रीका के आईपीएल में सबसे ज्यादा 23 करोड़ में सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा रिटेन किए गए विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, कप्तान एडन मरक्रम, ट्रस्टन स्टब्ज और डेविड मिलर जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों पर लगाम लगाने की होगी।

दरअसल भारत को रोहित शर्मा की अगुआई में 22 नवम्बर से पर्थ में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला टेस्ट खेलना है। भारत को दक्षिण अफ्रीका में उसके खिलाफ टी20 मैचों की सीरीज में शिरकत करने पहुंची टीम में रफ्तार की नई सनसनी मयंक यादव, ऑलराउंडर शिवम दुबे व रेयान पराग चोट के चलते उपलब्ध नहीं हैं। इसी के चलते उनकी जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है। इन तीनों के बाहर होने के चलते बल्लेबाज रमनदीप सिंह और कर्नाटक के नवोदित गेंदबाज विजय कुमार व्यस्क व यश दयाल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह टी20 सीरीज फिनिशर रमनदीप, बाए हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल और विजय कुमार व्यस्क जैसे पहली बार भारत की टी20 टीम में शामिल किए गए नवोदित खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का मौका होगा। यह टी 20 सीरीज आईपीएल की रियाद में होने वाली नीलामी से पहले बढ़िया प्रदर्शन कर बड़ा दाम पाने का मौका होगा।

यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल जैसे नौजवान सलामी बल्लेबाजों की जोड़ी के साथ विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भारत की ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ पांच टेस्ट सीरीज खेले जाने वाली टीम में शामिल किए जाने के कारण खासतौर पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार टी20 मैचों की सीरीज अभिषेक शर्मा और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के लिए बतौर सलामी बल्लेबाज एक और इम्तिहान होगा। दरअसल संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा आईपीएल के अपने कामयाब प्रदर्शन को टीम इंडिया के लिए दोहराने में नाकाम रहे हैं। संजू सैमसन ने भारत के लिए इस साल आठ टी20 अतरराष्ट्रीय मैचों मे एक शतक और एक अर्द्धशतक जड़ने के साथ तीन बार अपना खाता खोलने में नाकाम रहे। भारत को 2024 में टी20 विश्व कप जिताने के बाद कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कहने के बाद से टीम इंडिया में तीन जगह खाली हुई हैं। संजू सैमसन ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैच में शतक भी जड़ा। संजू सैमसन के पास भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की टीम में अपना स्थान पक्का करने की मजबूत दावेदारी का मौका है। वहीं अभिषेक शर्मा जिम्बाब्वे दौरे पर उसके घर मे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में शतक जड़ने के बाद अगली सात पारियों में 20 रन से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। अभिषेक ने हालांकि सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविज हेड के साथ बतौर सलामी बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन किया है। भारत की बल्लेबाजी संजू, अभिषेक की सलामी जोड़ी के साथ कप्तान सूर्य, तिलक वर्मा व रिंकू सिंह के साथ ऑलराउंडर-हार्दिक पांडया और अक्षर पटेल और यदि मौका मिला तो फिनिशर रमनदीप सिंह पर निर्भर करेगी। भारत की गेंदबाजी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, अनुभवी हार्दिक पांडया और आवेश जैसे तेज गेंदबाजों के साथ बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर, मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के साथ बड़े दिल वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई पर निर्भर नजर आ रही है। कसिगो रबाड़ा, ऑनरिक नोकिया, लुंगी 1एंगिडी जैसे रफ्तार के सौदागरों की त्रिमूर्ति को दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल न किए जाने पर मौजूदा टी20 सीरीज में मेजबान टीम की तेज गेंदबाज जेराल्ड कोइत्जी और मार्को येनसन के साथ ओटनील बर्टमैन जैसे तेज गेंदबाजों और अनुभवी बाएं हाथ के भारतीय मूल के स्पिनर केशव महाराज पर निर्भर करेगी। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक बाएं हाथ के उपयोगी स्पिनर भी हैं। मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, आकाशदीप के ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ भारत की पांच टेस्ट की सीरीज की तैयारी में व्यस्त होने के कारण बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह पर अनुभवी आवेश खान के साथ खुद बढ़िया गेंदबाजी करने के साथ विजय कुमार व्यस्क और बाएं हाथ के यश दयाल की भी बतौर तेज गेंदबाज मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी होगी। यश दयाल को बांग्लादेश के खिलाफ भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा थे लेकिन उन्हें तब देश के लिए अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज करने का मौका नहीं मिल पाया। वहीं रमनदीप को उनके चुस्त क्षेत्ररक्षण और आखिर के ओवर में दे दनादन करने की उनकी क्षमता के चलते भारत की टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों क लिए चुनी भारतीय टीम के लिए दक्षिण अफ्रीकी दौरे के लिए चुना गया है।

पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच : भारत वि. द. अफ्रीका, डरबन, रात साढ़े आठ बजे से (भारतीय समयानुसार)

न्यूजीलैंड आगामी टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के 'बैजबाल' हमले के लिए तैयार

क्राइस्टचर्च, 7 नवम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के क्रिकेट प्रशंसक बेसब्री से एक उच्च तीव्रता वाली श्रृंखला का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि इंग्लैंड 28 नवम्बर से क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाले तीन टेस्ट मैचों के लिए देश का दौरा करने की तैयारी कर रहा है। इंग्लैंड के आक्रामक टेस्ट दृष्टिकोण, जिसे 'बैजबाल' के रूप में जाना जाता है, को ब्लैक कैप्स के खिलाफ टेस्ट का सामना करना पड़ेगा, जो भारत को 3-0 से हराने के बाद नए आत्मविश्वास के साथ श्रृंखला में उतरेंगे। पाकिस्तान में इंग्लैंड की हालिया श्रृंखला हार के बावजूद, न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम को उम्मीद है कि मेहमान अपनी ट्रेडमार्क आक्रामक शैली पर कायम रहेंगे।

पाकिस्तान में इंग्लैंड की हालिया 2-1 की हार के बाद, क्रिकेट विश्लेषकों और पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वॉन ने सवाल उठाया कि क्या इंग्लैंड की रणनीति अलग-अलग परिस्थितियों में टिक सकती है, लेकिन लैथम को यकीन है कि इंग्लैंड पीछे नहीं हटेगा। न्यूजीलैंड के भारत से लौटने के बाद लैथम ने संवाददाताओं से कहा, 'उनके पास एक आक्रामक ब्रांड है, जिसे वे खेलना पसंद करते हैं और मुझे यकीन है कि वे इसे जिस तरह से खेलना पसंद करते हैं, वह इससे अलग नहीं होगा।हम इसके लिए उत्सुक हैं। यह एक बड़ी चुनौती होगी।' न्यूजीलैंड के लिए, इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के खिलाफ अपनी हालिया सफलता के साथ, ब्लैक कैप्स आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एक मजबूत प्रदर्शन संभावित रूप से उन्हें और ऊपर उठा सकता है और दूसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदों को जीवित रख सकता है।

न्यूजीलैंड ने 2021 में रोमांचक फाइनल में भारत को हराकर चैंपियनशिप का खिताब जीता था। वर्तमान में छठे स्थान पर काबिज इंग्लैंड चैंपियनशिप की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया, भारत, श्रीलंका, न्यूज़ीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से पीछे है। लेकिन लैथम के लिए, चैंपियनशिप के व्यापक निहितार्थ खेल का आनंद लेने और प्रत्येक मैच पर ध्यान केंद्रित करने के लिए गौण हैं। लैथम ने टिप्पणी की, 'यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन हमारे लिए, यह सिर्फ़ अपने क्रिकेट का जितना हो सके उतना आनंद लेने के बारे में है। अगर हम कुछ अच्छा क्रिकेट खेलने में सक्षम हैं, तो इस तरह की चीज़ें अपने आप ठीक हो जाएंगी।' लैथम ने न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में इंग्लैंड द्वारा पेश की जाने वाली अनूठी चुनौती पर ज़ोर दिया, उन्होंने कहा कि ब्लैक कैप्स भारत में अपनी सफलता से उत्साहित हैं, लेकिन इस सीरीज़ के लिए सेटिंग पूरी तरह से अलग होगी।

हॉकी: बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के लिए जापान, चीन राजगीर पहुंचे

राजगीर (बिहार), 7 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान और पेरिस ओलंपिक खेलों के रजत पदक विजेता चीन बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 से पहले गुरुवार को यहां पहुंचे। प्रीमियर एशियाई हॉकी प्रतियोगिता 11 से 20 नवम्बर तक होगी, जिसमें गत चैंपियन भारत, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड भी शामिल होंगे। चीन पेरिस ओलंपिक रजत विजेता टीम के दो खिलाड़ियों- फैन युनक्सिया और टैन जिनझुआंग के साथ भारत आया है। वे अपने अभियान की शुरुआत 11 नवम्बर को अपने पहले मैच में थाईलैंड का सामना करके करेंगे, जिसमें अपेक्षाकृत युवा टीम होगी। भारत के साथ उनका मुकाबला 16 नवम्बर को होना है। चीन के मुख्य कोच हुआंग योंगशेंग ने पहुंचने के बाद कहा, 'हम भारत में आकर और इतना गर्मजोशी से स्वागत पाकर खुश हैं। सभी 25 खिलाड़ी बहुत उत्साहित हैं और बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 में अच्छे अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं। इस बार हमारे दल में कई युवा खिलाड़ी हैं और हम टूर्नामेंट के दौरान उन्हें कुछ मिनट देने का लक्ष्य रखेंगे।' इस साल की शुरुआत में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 रांची में तीसरे/चौथे स्थान के मैच में 1-0 की जीत के साथ मेजबान को ओलंपिक की दौड़ से बाहर करने के बाद जापान पहली बार भारत लौट रहा है।

डीडी स्पोटर्स करेगा महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में भारत के मैचों का सीधा प्रसारण

नई दिल्ली, 7 नवम्बर (देशबन्धु)। राजगीर (बिहार) में 11 से 20 नवम्बर तक होने वाली बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर, 2024 हॉकी के सभी मैचों का सोनी स्पोटर्स नेटवर्क पर भारत के सभी मैचों का साथ डीडी स्पोटर्स पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। यह घोषणा हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को की। भारत महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का आगाज 11 नवम्बर को मलयेशिया के खिलाफ मैच करने के बाद 12 नवंबर को दक्षिण कोरिया, 14 नवम्बर को थाईलैंड, 16 नवम्बर को 2024 के ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन तथा 17 नवम्बर को आखिरी पूल मैच में जापान से भिड़ेगा। मेजबान भारतीय टीम अपने सभी पूल मैच शाम साढ़े सात बजे से खेलेगी। शीर्ष चार टीमें 19 नवम्बर को दो सेमीफाइनल में आमने सामने होंगी जबकि फाइनल 20 नवंबर को खेला जाएगा।

किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

इक्सन सिटी (दक्षिण कोरिया), 7 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय शटलर किरण जॉर्ज ने गुरुवार को यहां बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट कोरिया मास्टर्स में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के ची यू जेन को हराकर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व के 41वें नंबर के खिलाड़ी जॉर्ज, जो टूर्नामेंट में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय हैं, ने जेन पर 21-17, 19-21, 21-17 से जीत दर्ज की और शीर्ष आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना जापान के ताकुमा ओबैयाशी से होगा। जेन ने पहले मिडगेम ब्रेक पर एक अंक की बढ़त बनाई, लेकिन किरण जॉर्ज ने खेल फिर से शुरू होने के बाद तेजी से बढ़त हासिल की और पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में, चीनी ताइपे के शटलर ने वापसी की और किरण के अंत में तीन गेम पॉइंट बचाने के बावजूद बराबरी कर ली। निर्णायक गेम तब तक रोमांचक रहा जब तक जॉर्ज ने लगातार पांच अंक नहीं जीत लिए और 20-14 की बढ़त हासिल नहीं कर ली। जेन ने तीन गेम प्वाइंट बचाए, लेकिन भारतीय खिलाड़ी को एक घंटे 15 मिनट में मैच जीतने से नहीं रोक पाए। इससे पहले, किरण जॉर्ज को शुरुआती दौर में वियतनाम के गुयेन है डांग को 15-21, 21-12, 21-15 से हराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भारत के आयुष शेट्टी (पुरुष एकल) और इमाद फारूकी सामिया (महिला एकल) भी टूर्नामेंट के लिए प्रवेश सूची में थे, लेकिन दोनों ने नाम वापस ले लिया है।

हरमनप्रीत कौर डब्लूबीबीएल टीम ऑफ द डिकेड के लिए 50 शॉर्टलिस्ट खिलाड़ियों में एकमात्र भारतीय

मेलबर्न, 7 नवम्बर (एजेंसियां)। कप्तान हरमनप्रीत कौर गुरुवार को जारी महिला बिग बैश लीग (डब्लूबीबीएल) टीम ऑफ द डिकेड के लिए 50 शॉर्टलिस्ट खिलाड़ियों में एकमात्र भारतीय हैं। डब्लूबीबीएल के 10 साल के इतिहास में सबसे महान खिलाड़ियों को इस सीजन में सम्मानित किया जाएगा, जिसमें बिग बैश आधिकारिक तौर पर टीम ऑफ द डिकेड का नाम तय करेगा। दाएं हाथ की भारतीय बल्लेबाज ने डब्लूबीबीएल में अब तक सिडनी थंडर और मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए 62 मैच खेले हैं। उन्होंने 37.89 की औसत से 1440 रन बनाए हैं, जिसमें सात अर्धशतक शामिल हैं।

इस सूची में वे खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने मौजूदा सीजन से पहले कम से कम 60 डब्लूबीबीएल मैच खेले हैं। बिग बैश ने केवल 12 पदों को सीमित करने के कठिन कार्य से निपटने के लिए विशेषज्ञों का एक चयन पैनल नियुक्त किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के निदेशक क्ली स्मिथ की अध्यक्षता वाले इस पैनल में मेल जोन्स, लीसा स्थालेकर, मैथ्यू मॉट, क्वेंटिन हल, लॉरा जॉली और एलिस्टेयर डॉब्सन शामिल हैं। प्रशंसकों को दशक की अपनी टीम चुनने का मौका भी मिलेगा, जिसमें पैनल के चयन के बराबर सार्वजनिक वोट दिए जाएंगे।

बिग बैश ऐप पर 11-24 नवम्बर के बीच सार्वजनिक वोटिंग खुली रहेगी। इसके बाद पैनल 12 खिलाड़ियों वाली टीम को अंतिम रूप देने के लिए सार्वजनिक वोटों की समीक्षा करेगा और उन्हें अपने चयनों के साथ मिलाएगा, जिसकी घोषणा 1 दिसंबर को डब्लूबीबीएल 10 फाइनल में की जाएगी। लीग के नियमों के अनुसार, अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में अधिकतम तीन विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे।

तेलुगू टाइटंस ने सीजन 7 के बाद पहली बार तमिल थलाइवाज को हराया

हैदराबाद, 7 नवम्बर (एजेंसियां)। पवन सहरावत (12) और आशीष नरवाल (9) के बेहतरीन खेल की बदौलत तेलुगू टाइटंस ने गाचीबावली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में बुधवार को राइवलरी वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 38वें मैच में तमिल थलाइवाज को 35-34 से हरा दिया। सात मैचों में टाइटंस की यह चौथी जीत है जबकि थलाइवाज को इतने ही मैचो में तीसरी हार मिली। इस जीत ने टाइटंस को अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है जबकि सचिन तंवर के 17 अंक के बावजूद हार झेलने वाली थलाइवाज पहले की तरह तीसरे स्थान पर बनी हुई है। थलाइवाज के लिए डिफेंस में नितेश ने चार अंक बटोरे। दोनों टीमों ने बेहतरीन शुरुआत की। पांच मिनट बाद स्कोर 5-5 था। इसके बाद 7-7 के स्कोर पर टाइटंस ने थलाइवाज को सुपर टैकल सिचुएशन में डाला और फिर उसे आलआउट कर 11-7 की लीड ले ली। पवन ने चौथे अंक के साथ स्कोर 12-7 किया लेकिन सचिन ने सुपर रेड साथ स्कोर 10-12 कर दिया। अगली रेड पर सागर ने सचिन का शिकार कर लिया। शुरुआती 10 मिनट में टाइटंस 14-10 से आगे थे। आलइन के बाद थलाइवाज ने पवन का शिकार करते हुए लगातार दो अंक लिए। इसके बाद सचिन की रेड पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। टाइटंस तीन अंक से आगे थे, जिसे आशीष ने चार का किया और पवन को रिवाइव भी करा लिया। इसके बाद टाइटंस के डिफेंस ने नरेंदर का शिकार कर लिया। फिर पवन ने चार के डिफेंस में एक शिकार के साथ थलाइवाज को सुपर टैकल सिचुएशन में डाल दिया।

इसके बाद 19-13 के स्कोर पर थलाइवाज के डिफेंस ने पवन को सुपर टैकल कर लिया। इसके बाद सचिन ने डू ओर डाई रेड पर अंकित को बाहर कर दिया। इसी बीच आशीष ने एक महीन टच के साथ फिर से पवन को रिवाइव करा लिया। टाइटंस ने 3 अंक की लीड के साथ पाला बदला। आलइन के बाद सचिन ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर फासला 2 का कर दिया।

डब्ल्यूपीएल रिटेंशन : राणा, पूनम और तहुहू को किया गया रिलीज

नई दिल्ली, 7 नवम्बर (एजेंसियां)। स्नेह राणा, पूनम यादव और लिया तहुहू को उनकी फ्रेंचाइजी ने डब्लूपीएल के तीसरे सीज़न की नीलामी से पहले रिलीज़ कर दिया है। डब्लूपीएल की नीलामी दिसम्बर महीने की शुरुआत में आयोजित होने की संभावना है। पहले दोनों सीज़न में सबसे नीचे पांचवें स्थान पर रहने वाली गुजरात जायंट्स ने पहले सीज़न बेथ मूनी के चोटिल होने के बाद टीम का नेतृत्व करने वाली ऑलराउंडर राणा के साथ-साथ तहुहू और कैथरीन ब्राइस को रिलीज़ करने का फ़ैसला किया है। गुजरात ने भारतीय ऑलराउंडर सयाली सतघरे, विदर्भ की बल्लेबाज़ भारती फ़ुलमाली को रिटेन किया है जबकि उन्होंने वेदा कृष्णमूर्ति, तरन्नुम पठान, लॉरेन चीटल और मन्नत कश्यप को रिलीज़ कर दिया है। पिछले साल दिसंबर के बाद से ही राणा ने भारत के लिए एक भी सफ़ेद गेंद मैच नहीं खेला है, जबकि फ़रवरी 2023 से ही उन्होंने टी20 नहीं खेला है। डब्लूपीएल के पहले दो सीज़न में उन्होंने 12 मैचों में 52.16 की औसत और 9 से ज़्यादा की इकॉनमी से सिर्फ़ छह विकेट ही लिए जबकि बल्ले से वह 6.71 की औसत से सिर्फ़ 47 रन ही बना पाईं।

दोनों बार फ़ाइनल में हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स ने भी एक बड़ा नाम पूनम को रिलीज़ किया है जो कि एक समय सभी प्रारूप में भारतीय टीम का नियमित तौर पर हिस्सा थीं लेकिन उन्होंने मार्च 2022 के बाद से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। लेग स्पिनर पूनम को पिछले सीज़न भी एक भी मैच खेलने का मौक़ा नहीं मिला था। पूनम के अलावा दिल्ली ने ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष क्रम बल्लेबाज़ लॉरा हैरिस और दोनों सीज़न में एक भी मैच ना खेलने वालीं दो अनकैप्ड खिलाड़ियों अपर्णा मंडल और अश्विनी कुमारी को भी रिलीज़ किया है।

मुंबई इंडियंस ने फ़ातिमा जाफ़र, हुमैरा काज़ी, प्रियंका बाला, इंग्लैंड की तेज़ गेंदबाज़ इसी वॉन्ग को रिलीज़ किया है। जबकि उन्होंने अपनी कोर टीम में शामिल हरमनप्रीत कौर, हीली मैथ्यूज़, एमेलिया कर, क्लॉए ट्रायऑन और शबनिम इस्माइल को रिटेन करने का फ़ैसला किया है।

आरसीबी ने स्मृति, पेरी, घोष, श्रेयंका, आशा को रिटेन किया, हीथर, नादिन, शुभा को रिलीज किया

नई दिल्ली। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) के 2025 सीजन से पहले कप्तान स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, सोफी डिवाइन, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल और आशा शोभना जैसी अपनी मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। टीम ने दिशा कसाट, इंद्राणी रॉय, नादिन डी क्लर्क, हीथर नाइट, शुभा सतीश, श्रद्धा पोखरकर और सिमरन दिल बहादुर को बाहर किया है।

मुख्य कोच ल्यूक विलियम्स ने कहा, 'डब्लूपीएल रिटेंशन और रिलीज हमेशा एक मिनी-नीलामी से पहले एक संतुलनकारी कार्य होता है। हम वास्तव में पिछले सीजन की चैंपियनशिप जीतने वाली टीम में शामिल खिलाड़ियों की एक महत्वपूर्ण संख्या को बनाए रखने के लिए आए थे, लेकिन, साथ ही, हमने खुद को नीलामी में कुछ लक्षित खिलाड़ियों को चुनने का लचीलापन और अवसर दिया, ताकि हमें अगले सीजन में कुछ गहराई मिल सके।'

दिल्ली कैपिटल्स ने लॉरा हैरिस, पूनम यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल को रिलीज किया

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) की दो बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स ने 2025 की नीलामी से पहले ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर लॉरा हैरिस, भारत की लेग स्पिनर पूनम यादव, अश्विनी कुमारी और अपर्णा मंडल की अनकैप्ड जोड़ी को रिलीज़ कर दिया है। गुरुवार को रिटेंशन की डेडलाइन वाले दिन, दिल्ली कैपिटल्स ने मेग लैनिंग, मारिजान कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, शिखा पांडे, तानिया भाटिया, मिन्नू मणि, स्नेहा दीप्ति और तितास साधु जैसी अपने मार्की कोर खिलाड़ियों को रिटेन किया है। हेड कोच जोनाथन बैटी ने एक बयान में कहा, 'हमारे पास अविश्वसनीय रूप से मजबूत टीम है और पिछले दो सत्रों में हमने शानदार क्रिकेट खेला है। इन खिलाड़ियों को जाने देना हमारे लिए हमेशा एक कठिन निर्णय होता है, जो हमारी सफलता का अभिन्न अंग रहे हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।'

सार संक्षेप

सिंधु ने विजाग में बैडमिंटन अकादमी के लिए भूमि पूजन किया

विशाखापत्तनम। बैडमिंटन स्टार पी.वी. सिंधु ने गुरुवार को यहां अपनी बैडमिंटन अकादमी के लिए भूमि पूजन किया। ओलंपिक रजत पदक विजेता ने अपने माता-पिता के साथ थोटागुरु क्षेत्र में पुजारियों द्वारा आयोजित अनुष्ठानों में भाग लिया। यह अकादमी 2021 में आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा आवंटित दो एकड़ भूमि पर बनाई जा रही है। बैडमिंटन विश्व चैंपियन बनने वाली एकमात्र भारतीय सिंधु ने कहा कि निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा और उम्मीद है कि अकादमी एक साल के भीतर बनकर तैयार हो जाएगी। 29 वर्षीय सिंधु ने कहा कि इस अकादमी के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित करना और उन्हें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना उनका लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित किए जाने वाले खिलाड़ियों की संख्या और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्य विवरण जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

पोंटिंग ने बाबर को कोहली की तरह फॉर्म हासिल करने का सुझाव दिया

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को विराट कोहली की तरह फॉर्म हासिल करने का सुझाव दिया है। बाबर को खराब फॉर्म के कारण इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए आराम दिया गया था। पाकिस्तान ने दोनों मैच जीते और 2-1 से सीरीज अपने नाम की, जो शान मसूद की कप्तानी में पहली सीरीज थी। 55 टेस्ट मैचों में बाबर ने 43.92 की औसत से 3,997 रन बनाए हैं।

ग्राहम थोर्प और मार्टिन क्रो के नाम पर रखी जाएगी इंग्लैंड-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज

लंदन। इंग्लैंड न्यूजीलैंड के साथ टेस्ट सीरीज के लिए एक नई ट्रॉफी का नाम देकर दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम थोर्प को सम्मानित करने के लिए तैयार है। इसका नाम थोर्प और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन क्रो के नाम पर रखा जाएगा, जो अपने-अपने देशों के दो सबसे प्रतिष्ठित बल्लेबाजों को श्रद्धांजलि है। यह ट्रॉफी इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज के विजेता को दी जाएगी, यह मुकाबला 1930 में दोनों देशों के बीच पहली टेस्ट भिड़ंत से जुड़ा है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, 28 नवंबर से शुरू होने वाली आगामी सीरीज में इस पहल के प्रभावी होने की उम्मीद है, जिसका उद्देश्य क्रो और थोर्प की विरासत का सम्मान करना है। क्रो, जिन्हें अक्सर न्यूजीलैंड का सबसे बेहतरीन बल्लेबाज माना जाता है, ने 1982 से 1995 तक 77 टेस्ट मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 17 शतक और 18 अर्धशतक सहित 45.36 की औसत से रन बनाए।

सार-समाचार

बस मालिक एवं कंडेक्टर की एसडीओपी ने ली बैठक

सिरोंज, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी को थाना परिसर सिरोंज में आयोजित शिविर में बसों की धीमी गति से चलाने एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में सुझाव प्राप्त हुआ था। पुलिस अधीक्षक काशवानी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार व यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश बाघेला ने गुरूवार को बस मालिक एवं बस स्टेण्ड कंडेक्टर की बैठक ली। शहर में बसों को धीमी गति से चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिससे शहर में किसी प्रकार की घटना दुर्घटना न हो।

सोयाबीन उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, कृषकों से की चर्चा

सिरोंज, देशबन्धु। प्रशासनिक अधिकारियों ने कई सोयाबीन उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा की और यहां की व्यवस्थाएं देखीं। फेयर एवरेज क्वालिटी अर्थात शासन निर्देशुसार उचित गुणवत्ता के सोयाबीन के जांच के गई एवं संबंधित उपार्जन केंद्र के सर्वेयर को आवश्यक निर्देश दिए गए। कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इस हेतु संबंधित वेयरहाउस संचालकों, समिति प्रबंधकों, मुकादम, हम्माल सभी को निर्देशित किया गया। इसके बाद सिरोंज डबल लॉक में कृषकों को खाद वितरण में सहूलियत हो इस हेतु एसडीएम, नायब तहसीलदार, एसएडीओ, आरएईओ एवं पुलिस के अमले ने व्यवस्थाएं बनायी।

अबदे अली बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन बने

सिरोंज, देशबन्धु। बोरवाड़ी निवासी अबदे अली राजस्थान के बीकानेर में आयोजित जेके क्लासिक बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन बने हैं। अबदे अली को मैंस फिजिक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। वही क्लासिक फिजिक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। अली इससे पूर्व हुई दिल्ली में बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में चैंपियन रहे और अन्य जगह प्रतियोगिता में भी कई मेडल प्राप्त किए हैं। अबदे अली को विजेता के रूप में मोटरसाइकिल पुरस्कार के रूप में मिली है।

गौशाला निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

विदिशा, देशबन्धु। गुरुवार को ग्राम पंचायत करैया हवेली के ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाकर गौशाला निर्माण करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर गोवंश बैठा रहता है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने एसडीएम क्षितिज शर्मा से मांग की है कि शासकीय भूमि से जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाया जाए। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत करैया हवेली के ग्राम रंगई में भूमि सर्वे नं. 21, 23 रकवा 0.1980 हे., 1.8710 हे. चरनोई भूमि में ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा में गौशाला का निर्माण कार्य करवाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। भूमि सर्वे नं. 21, 23 में भूमि का सीमांकन होकर अतिक्रमण हटाकर चरनोई भूमि पर गौशाला का निर्माण ग्राम पंचायत एवं जनभागीदारी से कराना चाहते हैं। जिससे की गौवंश और किसान दोनों सुरक्षित रहे। वर्तमान में ग्राम पंचायत के मुख्य सड़कों पर गौवंश बैठी रहती हैं, जिससे रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं एवं यही गौवंश किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं।

उक्त क्षेत्र में वर्तमान में एक भी सार्वजनिक गौशाला नहीं है। चरनोई भूमि को अति शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराकर ग्राम पंचायत करैया हवेली को दिया जाए एवं चरनोई भूमि पर सार्वजनिक उपयोग हेतु गौशाला निर्माण की जाने की स्वीकृति दी जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

किसानों को अब नहीं होना पड़ेगा परेशान

25 सोसायटियों में वितरण के लिए पहुंचा 25-25 टन खाद

गंजबासौदा, देशबन्धु। नगर सहित ग्रामीण अंचलों के किसानों को रबी सीजन की फसल बोवनी के लिए खाद की जरूरत पड़ रही थी, लेकिन पिछले लंबे समय से क्षेत्र के किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। जिसकी शिकायत क्षेत्र के किसान लगातार प्रशासनिक अधिकारियों से कर रहे थे। जिसके चलते अब क्षेत्र की सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद पहुंच गया है। जिससे किसानों को इन सोसायटियों के माध्यम से खाद स्थानीय स्तर पर आसपस के क्षेत्रों में मिल जायेगा। क्षेत्र की 25 सोसायटियों पर 25-25 टन खाद पहुंचाया गया है। साथ ही निजी दुकान संचालकों के पास भी खाद पहुंचा है।

निजी दुकानों पर महंगें दामों में बेचा जा रहा खाद: अधिकांश सरकारी गोदाम और सोसायटियों पर गत दिनों पर्याप्त खाद न होने के कारण किसानों को बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा था। जिसके चलते कई बार गुणवत्ताहीन खाद भी किसानों के पास पहुंचता था जिससे उनकी खेती खराब होने के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से भी परेशान होना पड़ता था। वहीं खाद लेने के लिये किसान यहां वहां भटकते थे जिसके चलते कई किसान अपने खेतों की बोवनी करने से वंचित रह गये हैं।

एनआरएचएम की एमडी और मेडिकल कॉलेज की प्रशासक ने किया निरीक्षण

विदिशा, देशबन्धु। मेडिकल कॉलेज में प्रशासक के रूप में अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। एनआरएचएम की महाप्रबंधक आईएएस अधिकारी प्रियंका दास को विदिशा मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी दी गई। इस जिम्मेदारी के मिलने के बाद वह प्रशासक के रूप में विदिशा पहुंची, जहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए तमाम विषयों पर चर्चा की। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर मनीष निगम, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर योगेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक पर कई विषयों को लेकर चर्चा हुई, बाद में उन्होंने कालेज के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने कमियों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

सिरोंज को जिला बनाने की मांग को लेकर भाजपा नेताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सिरोंज, देशबन्धु। गुरूवार को सिरोंज - लटेरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्ष आदि के साथ कलेक्टर कार्यालय विदिशा पहुंचकर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से भेंट के भाजपा पदाधिकारियों व विधायक उमाकांत शर्मा ने सिरोंज को जिला बनाने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी भी उपस्थित थे।

रेलवे स्टेशन के पास से महिला को गिरफ्तार किया

विदिशा, देशबन्धु। सिविल लाइंस थाना टीआई शाहबाज खान ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक महिला को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 4 की तरफ से गिरफ्तार किया गया है। उक्त महिला अपने पास भारी मात्रा में चरस और गांजा अवैध रूप से रखी हुई थी जो किसी को सप्लाई करने वाली थी। टीआई ने बताया कि महिला शेरपुरा क्षेत्र में रहने वाली सुनीता बाई कुचबंदिया के पास 506 ग्राम चरस और 2 किलो 115 ग्राम गांजा जप्त किया गया है। जप्त सामान की अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपए है। महिला पर पहले भी एनडीपीएस के कई मामले दर्ज हैं।

अपना घर आश्रम ने 3 साल पहले बिछड़े बेटे को मां से मिलाया

विदिशा, देशबन्धु। अपना घर आश्रम विट्ठल नगर में दो माह पहले भोपाल रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू किए गए प्रभु जनार्दन का गुरूवार को पुनर्वास किया गया। यह तीन वर्ष पहले अपने घर जलालुद्दीन नगर फैजाबाद उत्तरप्रदेश से मानसिक अस्वस्थ होने के कारण लापता हुए थे। परिवार वालों ने इन्हें कई दिन तक खोजा परंतु इनका कहीं पता नहीं लगा। अपना घर आश्रम विट्ठल नगर विदिशा में इनको रेस्क्यू करने के उपरान्त इनके मनोरोग का उपचार प्रारंभ हुआ, इसके पश्चात इनको अपने घर पता याद आया तब आश्रम द्वारा इनके बताए पते पर सर्च करके इनके ग्राम प्रधान प्रशांत कमल जलालुद्दीन नगर लल्लन का पुरा ग्राम का पता लगने पर वहां के ग्राम प्रधान से संपर्क कर उनसे सहयोग मांगा गया एवं इनके परिवार को सूचना दी गई। वहीं गुरूवार को इनकी मां रीता बाई एवं बड़े भाई पंकज ने अपना घर आश्रम विदिशा आकर जनार्दन को स्वस्थ हालत में अपने सुपुर्द लिया और अपने गृह नगर के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर अपना घर आश्रम भरतपुर के पदाधिकारी शैलेंद्र त्यागी, अपना घर आश्रम विट्ठल नगर सचिव जीएस चौहान, कोषाध्यक्ष घनश्याम डागा सहित सेवा साथी उपस्थित थे। उक्त जानकारी आश्रम के सचिव जीएस चौहान द्वारा दी गई।

शास्त्री कॉलेज में हुई जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

चयनित खिलाड़ी संभाग में खेलेंगे

सिरोंज, देशबन्धु। नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय कुश्ती (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता में विदिशा जिले के महाविद्यालयों की महिला एवं पुरुष टीमों ने भाग लिया। टीम में चयनित खिलाड़ी विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करके आगामी 9 नवंबर को सीहोर में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेंगे। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने किया। अध्यक्ष श्री भार्गव ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने महाविद्यालय के ग्राउंड के समतलीकरण को शीघ्र करवाने का आश्वासन विद्यार्थियों को दिया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ वसीम उल्लाह खान ने खेल गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि महाविद्यालय में खेल गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं।महाविद्यालय के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं सिरोंज नगर का नाम रोशन रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जन भागीदारी समिति के सहयोग से विद्यार्थियों की समस्त समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में नगर की एक्सीलेंस अकैडमी के प्रमुख कोच राहुल नामदेव, केशव शर्मा, शिवा यादव एवं काजल सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आभार क्रीड़ा प्रभारी प्रो समृथ निनामा द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ अन्य कॉलेजों से आए क्रीड़ा अधिकारी, टीम मैनेजर एवं छात्र उपस्थित थे।

दुकान पर मारपीट कर अड़ीबाजी करने वाले 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

विदिशा, देशबन्धु। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना पुलिस को 6 नवंबर को अस्पताल तिराहे के पास ऑनलाइन दुकान पर मारपीट एवं अड़ीबाजी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। जानकारी के अनुसार 6 नवंबर को फरियादी नितेश जाटव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दोपहर 1 बजे के लगभग चार व्यक्तियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई और गाड़ी की डिग्गी में पटक दिया और गाड़ी को कुछ देर घूमाते रहे। उसके बाद अस्पताल के पास का रोककर डिग्गी से निकाला। फरियादी की रिपोर्ट पर थाने पर अपराध पंजीकृत कर आरोपियों की पतारसी की गई। दौराने तलाश थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सभी आरोपी आदर्श, विकास, अनुराग एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

पुलिस ने आयोजित किया जनचेतना शिविर

एसपी ने सुनीं समस्याएं, अपराधों को लेकर लोगों को किया जागरूक

सिरोंज, देशबन्धु। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में जनचेतना शिविर थाना प्रांगण में बुधवार दोपहर को आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, एसडीओपी उमेश तिवारी, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, थाना प्रभारी संदीप पवार मौजूद रहे। शिविर में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सरपंच, पार्षद, पत्रकार शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। जिसमें नशा मुक्ति पुलिस अधिकारियों ने लोगों को नशा मुक्ति अभियान के बारे में विस्तार से बताया और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशा अपराधों को बढ़ावा देता है और समाज को नुकसान पहुंचाता है। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशा न करें और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। साथ ही, नशे की अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें। सामाजिक सदभाव एवं समानताजनचेतना शिविर में समानता के अधिकार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। यह बताया गया कि हमें जाति, धर्म या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि आपस में मिल-जुलकर रहना चाहिए और एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। इससे समस्त मानव जाति का कल्याण होगा। सायबर अपराधों से बचाव के लिए, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, वर्तमान में बढ़ते साइबर धोखेबाजी के तरीकों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बताई गई। सड़क सुरक्षा के लिए, जन समूह को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और वाहन दुर्घटनाओं को कम करने का संकल्प लिया गया। बच्चों और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों और संबंधित कानूनों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाया गया। महिला हेल्पलाइन (1090) एवं चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के सम्बन्ध में भी जनता को जानकारी दी।

भारत के पशु पक्षी भी हमें धर्म का संदेश देते हैं: प्रज्ञा भारती

गीता और रामायण पर आधारित तीन दिवसीय प्रवचन का समापन

गंजबासौदा, देशबन्धु। धर्म आचरण है जबकि आज वह उच्चारण का विषय हो गया है। धर्म से युक्त जीवन में परमात्मा रहता है और सत्संग जीवन में परिवर्तन ला सकता है। भारत के पशु पक्षी भी हमें धर्म का संदेश देते हैं। धर्म, ज्ञान कर्म और भक्ति का संगम है जो हमें परमात्मा से जोड़ता है। यह बात पद्म भूषण से सम्मानित महामंडलेश्वर ब्रह्मलीन सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की शिष्या स्वामी प्रज्ञा भारती (पंछी देवी) ने मानस भवन में आयोजित हुए गीता और रामायण पर आधारित तीन दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन की श्रृंखला के अंतिम दिवस धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही।। तीनों दिवस के प्रवचनों में स्वामी प्रज्ञा भारती ने अपनी ओजपूर्ण कवित्मय वाणी में भक्ति और सत्संग के जरिए व्यक्ति को अपने जीवन यात्रा का मार्ग प्रशस्त करने का बोध कराया। उन्होंने कहा कि जब धर्म व्यक्ति के जीवन में आचरण बन कर आएगा तो उसके जीवन को परिवर्तित कर देगा। क्षण भर का सत्संग भी जीवन को बदल देता है और धर्म से जीवन शुद्ध होता है जो हमारी इच्छाओं को कामनाओं का अंत कर हमें परमात्मा के करीब ले जाता है। धर्म से युक्त जीवन में परमात्मा का वास रहता है। भारत के पशु पक्षी भी धर्म का संदेश देते हैं रामायण में जटायु और वानर ने धर्म मार्ग पर चलकर जो काम किया आज वह इतिहास बन गए। रामराज में हमें संपत्ति को वितरित करने, बांटने की सीख मिलती है, ना कि छिनने की। हमें अपने जीवन में परिवर्तन लाना है तो धर्म पंथ का अनुमोदन करना चाहिए। स्वार्थ के इस दौर में आज पशु सामाजिक हो गए हैं जबकि मानव आसामाजिक हो गया है। अपनी स्वार्थ की पूर्ति के लिए वह किसी भी हद तक जाकर एक दूसरे को कष्ट दे रहे हैं।

भागवत कथा के लिए निकाली कलश यात्रा का पुष्प वर्षाकर किया स्वागत

गंजबासौदा, देशबन्धु। वार्ड क्रमांक 16 स्थित सुंदर मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को श्रद्धालुओं द्वारा सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शीतला शक्ति धाम मंदिर से प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा में श्रद्धालु डीजे की धुन पर थिरकते हुए आगे-आगे चल थे तो वहीं महिलाएं पीली वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर चल रही थी। यात्रा में भजन मंडलियों द्वारा कीर्तन गाते चल रही थी। साथ ही कलश यात्रा का नगर के लोगों ने पुष्पवर्षा कर जगह-जगह स्वागत भी किया गया। कथावाचक पं. संतोष शास्त्री के मुखारबिंद से किया जाएगा। कथा का आयोजन 7 से 13 नवंबर को तक आयोजित करते हुए अंतिम दिन समापन किया जाएगा। जहां पर भंडारे का आयोजन किया जावेगा। कथा में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से भगवान अभिषेक, 11 बजे से श्रीमद् भागवत मूल पाठ, 2 बजे से श्रीमद् भागवत कथा की जाएगी। आयोजक समिति श्री रामायण महिला मंडल समिति के द्वारा श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में कथा में सम्मिलित होने की अपील की है।

ताप्ती तीरे

सार-समाचार

वाईकर परिवार ने बेटे के जन्मदिन पर पेश की सेवा की मिसाल

बैतूल देशबन्धु। जिला चिकित्सालय परिसर में 6 नवंबर को मरीजों और उनके परिजनों के लिए खास सेवा आयोजन किया गया। अजास संगठन के सचिव और स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत पंकज डोंगरे ने बताया कि इस पहल का आयोजन नितेश वाईकर के जन्मदिन के अवसर पर किया गया, जिसमें उनके पिता देवेन्द्र वाईकर ने परिवार सहित भोजन शाला पहुंचकर सेवा कार्य किया। देवेन्द्र वाईकर पेशे से प्राइवेट सुरक्षा प्रहरी हैं, अपने बेटे के जन्मदिन पर हर वर्ष इस तरह के सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं। इस बार भी उन्होंने अपनी पत्नी ललिता देवी और छोटे बेटे तुषार वाईकर के साथ मरीजों के परिजनों को भोजन वितरित किया। अजास संगठन बैतूल और परिवार के परिचितों ने इस पहल को अनुकरणीय बताते हुए नितेश को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर को भेंट किया अंबेडकर का छायाचित्र

बैतूल देशबन्धु। दीपावली पर्व के अवसर पर मेहरा समाज के जिला अध्यक्ष संतू सूर्यवंशी ने समाज के अन्य पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर से सौजन्य भेंट की। उन्होंने कलेक्टर को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का छायाचित्र उपहार स्वरूप भेंट किया। इस दौरान कलेक्टर का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते हुए उन्हें समाज की ओर से सम्मान और कृतज्ञता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष चंद्रभान बडौदे, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल बिहारे, जिला उपाध्यक्ष डॉ. भूतासिंह बड़ोदे, महेश बामने, महेश बेले, युवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष गोल्डी उज्जोने, युवराज, तथा मुलताई चिखली के सरपंच शामिल थे। इस सौजन्य भेंट में मेहरा समाज के पदाधिकारियों ने समाज के विकास और उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी व्यक्त किया। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के विचारों के प्रति अपनी आस्था जताई और समाज में समानता, शिक्षा और विकास के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

अब तक 153 स्कूलों में बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित

बैतूल देशबन्धु। शासकीय माध्यमिक शाला सिमोरी में गुरुवार को समाजसेवी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से जुड़े रमेश भाटिया के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शैक्षिक विकास और देशप्रेम की भावना का संचार करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश भाटिया, समाजसेवी सुखदेव नारे, रक्तवीर पिंकी भाटिया, समाजसेवी सुरेन्द्र पंडाग्रे और शिक्षक मारोतिराव चौकीकर उपस्थित रहे। अभियान स्कूल स्कूल जाना है, विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री फ्री दिलाना है के अंतर्गत अब तक 153 स्कूलों में विद्यार्थियों को मुफ्त में रबर, पेंसिल, ड्राइंग कॉपी, रफ कॉपी, कलर सेट, पानी की बॉटल, मिठाई, चॉकलेट और भारत माता की फोटो बांटी जा चुकी हैं। इस अभियान के तहत गुरुवार को सिमोरी स्कूल में भी यही सामग्री बच्चों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान रमेश भाटिया ने बच्चों को जातिगत भावना से ऊपर उठकर देशहित की भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। उन्होंने अपने पिता द्वारा बताई गई स्वतंत्रता संग्राम की गाथा भी सुनाई, जिसने वहां उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्कूल स्कूल जाना है अभियान का उद्देश्य बच्चों में सीखने के प्रति रुचि बढ़ाना और उनके विशेष कौशल का विकास करना है। समाजसेवी सुखदेव नारे ने विद्यालय के अनुशासन और परिसर की सराहना की। कार्यक्रम में शैलेंद्र बिहारिया, ममता गोहर और राधिका पटैया भी मौजूद रहे। सभी ने इस विशेष पहल की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अतिक्रमण के नाम पर शाहपुर में वनकर्मियों ने ग्रामीणों से की मारपीट, झोपड़ियां तोड़ी

- दो दर्जन से अधिक घायल
- पीड़ितों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन
- जयस ने निष्पक्ष जांच की मांग की

बैतूल देशबन्धु। शाहपुर क्षेत्र में वन विभाग के रेंजर और कर्मियों द्वारा ग्रामीणों पर अतिक्रमणकारी और शिकारी होने का आरोप लगाकर मारपीट और लूटपाट किए जाने के मामले में पीड़ित ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय में शिकायत की। ग्रामीणों का आरोप है कि वनकर्मियों और कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया, जिसमें करीब दो दर्जन ग्रामीण घायल हुए हैं। घटना के बाद जयस ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 6 नवंबर को वनकर्मियों ने ग्राम सेल्दा के कुछ ग्रामीणों के साथ मिलकर उन्हें अतिक्रमणकारी बताकर उनकी 6 से 7 झोपड़ियां तोड़ दीं। इसके अलावा, झोपड़ियों के पास बैठे ग्रामीणों को लात-घूंसे मारकर उठाया और जैसे ही वे लोग जाने लगे, उन्हें पकड़-पकड़कर बुरी तरह पीटा। इस हमले में सुभाष, सम्भुलाल, जाकाढाना निवासी रतिया बाई और सोबू बीजादेही निवासी किशोरी जैसी कई महिलाएं एवं पुरुष घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, इस घटना के दौरान वनकर्मियों ने फुलचंद कुमरे का मोबाइल, नीलेश चौहान की मोटर साईकल और मोबाइल, बिसराम की मोटर साईकल, मोबाइल और 500 रुपए, बलराम कुमरे की मोटर साईकल और जीवन इरपाचे की मोटर साईकल लूट ली। घटना के बाद वनकर्मियों ने करीब 25 ग्रामीणों को गाड़ियों में भरकर भौरा ले जाकर 2 घंटे तक बंद रखा और फिर शाहपुर के रेंज ऑफिस में लाकर 2-3 घंटे तक बंद रखा। शाम को करीब 6-7 बजे 21 ग्रामीणों को छोड़ दिया गया, लेकिन 4 ग्रामीणों पर शिकार और जंगल काटने का मामला बना दिया गया।

घटना के बाद कुछ ग्रामीण बीजादेही थाने पहुंचे और वहां रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। इस पर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि वनकर्मियों ने उन्हें थाने में शिकायत दर्ज करने से भी रोका और उनके खिलाफ फर्जी मामले बनाए। एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीणों ने अपनी लूटी गई सामग्री, मोटर साईकल, मोबाइल और नकदी को वापस दिलाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर घायल ग्रामीणों का मेडिकल परीक्षण कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में बजारी अखण्डे, कलराम बारस्कर, चिरोंजी काकोडिया, लखन काजले, शेरसिंग अखण्डे, सुनीता मर्सकोले, हेमलता तेकाम, इमरती बाई, सरपंच मिश्रीलाल कास्दे, पतीराम मर्सकोले, शिवबती धुर्वे, सरिता अखण्डें शामिल थे।

मारपीट में घायल ग्रामीण

मारपीट की इस घटना में जाकाढाना निवासी सुभाष सम्भुलाल, रतिया बाई बीजादेही, किशोरी फगना, फूलचंद अंखडे बीजादेही, सरस्वती लखनलाल सीताडोंगरी, सुशीला तारा सिंह बीजादेहीं, फुलवंती कुन्दनलाल छिन्दीखापा, सुनीता मेलराम बीजादेही, सोमी दरियाव रतनढाना, रामजी मशु रतनढाना, शांति गुलाब सीताडोंगरी, शिवदयाल प्रेमसिंह सीताडोंगरी, छतन मंगल इवने सीताडोंगरी, कालू बिहरी बारस्कर सीताडोंगरी, रामजी मंसु धुर्वे रतनढाना, प्यारेलाल मैंगल सीताडोंगरी, जीवन नंदू खपरिया, नीलेश फूलचंद खपरिया, राजेश मुन्जी महेश, रूपचंद अखण्डे सीताडोंगरी, रमेश परसराम कलमे खपरिया, रामप्रसाद मल्लु काजले जाकाढाना, मुन्नी पतिराम काजले जाकाढाना, गोविंद ।गोपाल अखण्डे जाकाढाना, जयनारायण मुंशी अखंण्डे जाकाढाना घायल हुए।

वन नेशन वन राशनकार्ड योजना के नाम पर ग्रामीणों से सवा लाख की धोखाधड़ी, एसपी से की शिकायत

बैतूल देशबन्धु। आमला ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में वन नेशन वन राशनकार्ड योजना के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ग्राम मुआरिया बारंगवाड़ी निवासी अनिल उइके ने श्रद्धा पति कमलेश भाले पर ठगी का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने बताया कि एक वर्ष पहले कमलेश भाले ने उन्हें इस सरकारी योजना के तहत मासिक 8 हजार रुपये वेतन देने का झांसा देकर चार महीने तक काम कराया। इसके बाद कमलेश ने ग्रामीणों के राशनकार्ड के नाम पर लगभग 1.20 लाख रुपये हड़प लिए और अपनी आईडी पर पैसे जमा करवाकर जनता के पैसों का दुरुपयोग किया। अनिल का आरोप है कि कमलेश भाले ने इस काम के लिए किए गए श्रम का भुगतान भी नहीं किया और न ही ग्रामीणों को वन नेशन वन राशनकार्ड दिलवाए, जिसके लिए उनसे पैसे लिए गए थे। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, और अब ग्रामीण या तो राशनकार्ड की मांग कर रहे हैं या अपनी राशि वापस चाहते हैं।

अनिल ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि वह कोरोना काल से बेरोजगारी की मार झेल रहे थे और इस आर्थिक संकट के समय में कमलेश ने उनका लाभ उठाया। उनके अनुसार, कमलेश भाले ग्रामीणों के पैसे लौटाने में असमर्थ है। वह धमकी भी देता है कि तुमसे जो बन पड़े कर लो, मैं न पैसे लौटाऊंगा और न राशनकार्ड बनवाऊंगा। इस मामले में अनिल के साथ अन्य ग्रामीण राजू धुर्वे, राबू उइके, चुरणलाल, सुरेश, आयुष, अशोक, निलेश, पप्पू, नितेश, बस्तीराम, बिहारी, बिसराम उइके, और मनक सिरसाम भी शामिल हैं, जिन्होंने एसपी से कमलेश भाले पर कानूनी कार्रवाई करने और उनके वित्तीय खातों की जांच करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उनकी रकम वापस नहीं हुई तो आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री से मिले मेहरा समाज जिला अध्यक्ष

समाज की समस्याओं के समाधान की अपील की

बैतूल देशबन्धु। दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में मेहरा समाज जिला अध्यक्ष संतू सूर्यवंशी ने केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात कर समाज की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष चंद्रभान बडौदे, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल बिहारे, जिला उपाध्यक्ष डॉ. भूतासिंह बड़ोदे, महेश बामने, महेश बेले, युवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष गोल्डी उज्जोने, युवराज और मुलताई चिखली के सरपंच भी शामिल थे।

मुलाकात के दौरान, सामाजिक बंधुओं की विभिन्न समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मंत्री से समाज की छोटी-बड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपील की। इस दौरान संतू सूर्यवंशी के नेतृत्व में समाज के विकास के प्रयासों की सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि संतू सूर्यवंशी अध्यक्ष बनने के बाद से ही समाज हित में सक्रिय रूप से

कार्यरत हैं और जिले भर में लगातार बैठकों का आयोजन कर समाज के विकास की दिशा में अग्रसर हैं। केंद्रीय मंत्री ने समाज की समस्याओं पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए संतू सूर्यवंशी को उनके समाजसेवा कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने कहा कि समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सूर्यवंशी का नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुलाकात के इस अवसर ने मेहरा समाज के उत्थान और विकास के प्रति केंद्रीय मंत्री का समर्थन भी मजबूत किया।

नियमों का उल्लंघन कर बने जाति प्रमाण पत्रों की होगी जांच, लाभार्थियों को जारी हुए नोटिस

बैतूल देशबन्धु। जनजातीय कार्य विभाग और एसडीएम कार्यालय में नियम विरुद्ध बने अनुसूचित जनजाति (एसटी) जाति प्रमाण पत्रों की जांच शुरू हो गई है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एसटी प्रमाण पत्र लेकर आदिवासी योजनाओं का लाभ उठाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस संदर्भ में, शिकायतकर्ता सोहनलाल राठौर ने कई बार आवेदन और शिकायत दर्ज कराई, जिनमें अवैध प्रमाण पत्रों को निरस्त करने की मांग की गई है। प्रकरण में प्रमुख प्रमाण पत्र कमांक ऋ/447/0104/79852/2015, जो 1 अगस्त 2015 को जारी हुआ था, उसकी जांच कर निरस्त करने के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में, सोहनलाल द्वारा आवेदन क्रमांक 1212, दिनांक 05 मार्च 2024 को जनसुनवाई में प्रस्तुत किया गया था, जिसकी जांच अनुविभागीय अधिकारी बैतूल द्वारा की जा रही है। राठौर की शिकायत में उल्लेख किया गया कि फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाले लोग विभागीय प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहे हैं। इस मामले में, सीएम हेल्पलाइन पर भी 2 सितंबर 2023 को शिकायत संख्या 24063188 दर्ज की गई थी, जिसमें प्रमाण पत्र की वैधता और सही प्रक्रिया की जांच की मांग की गई। इस पर राज्य शासन ने निर्देश दिए हैं कि शिकायत का त्वरित समाधान किया जाए। अधिकारियों द्वारा संदिग्ध लाभार्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज, जाति, और निवास प्रमाण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी (रा) बैतूल ने संबंधित लोगों को पुन: नोटिस जारी कर स्पष्ट जवाब मांगा है। एक सप्ताह के भीतर पुराने राजस्व अभिलेखों, वर्ष 1950-51 के रेकॉर्ड की सत्यापित प्रतियां जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई का उद्देश्य एसटी जाति प्रमाण पत्रों के दुरुपयोग को रोकना और केवल असली आदिवासी लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है।

लीग मैच में व्यापारी इलेवन की हुई जीत, हरप्रीत बने मैन ऑफ द मैच

सेमीफाइनल में पुलिस लीजेंड से होगा मुकाबला

बैतूल देशबन्धु। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित अधिकारी-कर्मचारी-व्यापारी लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में व्यापारी इलेवन ने डॉक्टर इलेवन को बड़े अंतर से हराते हुए लीग में अपनी स्थिति मजबूत की। व्यापारी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। हरप्रीत सिंह के 59 रनों की दमदार पारी, निखिल रघुवंशी के 26 और सिद्धार्थ भार्गव के नाबाद 54 रनों की बदौलत टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 181 रन बनाए।

डॉक्टर इलेवन की ओर से डॉक्टर किशोर ने चार ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि आकाश यादव और सचिन काका ने एक-एक विकेट लिया। स्पिन गेंदबाजों ने रन रोकने की कोशिश की, लेकिन तेज गेंदबाजों द्वारा काफी रन खर्च किए गए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डॉक्टर इलेवन की टीम 96 रनों पर ही ढेर हो गई। सचिव अनिल दत्त दीक्षित ने बताया कि डॉक्टर इलेवन

के साहिल कवड़े और डॉक्टर नितिन देशमुख ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़े लक्ष्य के दबाव में टीम ढहती चली गई। सचिन काका ने 27 और डॉक्टर नितिन देशमुख ने 19 रन बनाए, जबकि 14 रन अतिरिक्त के रूप में बने। व्यापारी इलेवन की ओर से पार्ट-टाइम गेंदबाज हरप्रीत सिंह ने चार ओवर में 15 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। परन बारस्कर और नितेश बारंगे ने दो-दो विकेट लिए, जबकि रानू वर्मा ने एक विकेट झटका। उपाध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए हरप्रीत सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर नितिन देशमुख ने बताया कि शनिवार को सेमीफाइनल में पहला मुकाबला पुलिस लीजेंड और डॉक्टर इलेवन तथा दूसरा मुकाबला शिक्षक इलेवन और व्यापारी इलेवन के बीच खेला जाएगा। कोच मोइज मंसूरी ने बताया कि रविवार को फाइनल मैच आयोजित होगा, जिसमें लीग की शीर्ष टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

प्रदीपन संस्था और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त पहल

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला बाल संरक्षण का प्रशिक्षण

बैतूल देशबन्धु। प्रदीपन संस्था द्वारा बाल तस्करी और बाल विवाह रोकथाम के लिए वन विद्यालय सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में जिले की 200 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला न्यायाधीश शुभम नीमा, जिला विधिक सेवा सलाहकार सोमनाथ राय, एडिशनल एसपी कमला जोशी, और पीएलवी उपस्थित रहे।

संस्था की डायरेक्टर श्रीमती रेखा गुजरे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले में बालिकाओं और महिलाओं के

अपहरण एवं तस्करी की घटनाओं को रोकना जरूरी है। जिला विधिक सेवा सलाहकार सोमनाथ राय ने विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रावधानों की जानकारी दी। एडिशनल एसपी कमला जोशी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वे गांवों में पलायन कर रहे परिवारों को अपने क्षेत्र में ही रोजगार करने के लिए प्रेरित करें और बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। उन्होंने किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया।

संस्था की काउंसलर दीपमाला खातरकर ने मानव तस्करी के कारणों और उसके दुष्परिणामों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोजगार हेतु पलायन करने वालों का पंचायत में पंजीकरण होना चाहिए ताकि शोषण की स्थिति में उन्हें सुरक्षित वापस लाया जा सके। चारू वर्मा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह के दुष्परिणामों और रोकथाम के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने देवउठनी ग्यारस के बाद विवाह आयोजनों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई और बाल संरक्षण समिति की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला के अंत में बाल विवाह के खिलाफ सभी ने शपथ ली। कार्यक्रम का समापन विशाल आर्य और पुनम अतुलकर ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त कर किया।

गोरगांव में रास्ते को लेकर हुए विवाद में युवक से मारपीट

बैतूल देशबन्धु। भैंसदेही तहसील के ग्राम गोरगांव में कृषि भूमि पर रास्ते को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत युवक ने एसपी से की है गोरगांव निवासी आवेदक बृजेश पिता तिलकंच अमोदे ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया कि उनके सगे संबंधी अनावेदकगण शकुन, देवेन्द्र, रविन्द्र अमोदे ने मारपीट की है। शिकायत आवेदन के अनुसार घटना की शुरुआत पिछले शुक्रवार को हुई जब आवेदक बृजेश के सिर पर चोट आई थी, जिसकी सूचना पहले ही पुलिस को दी जा चुकी है। इसके बावजूद 4 नवंबर को सुबह करीब 8 बजे फिर से आवेदक पर हमले की घटना घटित हुई। अनावेदकगण ने इस बार

पंचायत के लोगों को भी स्थान पर बुलाया, लेकिन पंचों की उपस्थिति में पुन: मारपीट कर दी गई, जिसमें बृजेश को फिर से चोटें आईं। बृजेश ने बताया कि दोनों परिवारों के बीच कृषि भूमि के रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है, जो अब गंभीर रूप ले चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनावेदकगण ने लगातार दो बार जान से मारने की नीयत से हमला किया है। जिससे उन्हें अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। आवेदक ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है, परंतु पुलिस द्वारा अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने से अनावेदकगण का मनोबल बढ़ता जा रहा है। बृजेश ने पुलिस अधीक्षक से त्वरित कार्यवाही की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

रामानंद ने व्हीलचेयर व दो आक्सीजन सिलेंडर प्रदान किए

आमला, देशबन्धु। मधुवन खुशबू देता है,सागर सावन देता है। जीना उसका जीना है, जो औरों को जीवन देता है। प्रसिद्ध गायक येशुदास की आवाज में गाई गई उपरोक्त पंक्तियां केवल एक गाने का हिस्सा नही बल्कि विशिष्ट जीवनशैली का सार भी है, और इस गीत को अपने जीवन मे सार्थक करने वाले चुनिंदा लोगो मे से एक रामानन्द बेले भी है। जमदेही कला में शिक्षक के रूप में पदस्थ आमला के रामानंद बेले द्वारा विगत दिनों शहरवासियों की सहायता के लिए एक व्हीलचेयर व दो आक्सीजन सिलेंडर कीट प्रदान की। अपने स्वर्गीय पिता पंक्षीलाल बेले की स्मृति में उन्होंने शहर की अग्रणी व सामाजिक कार्यो में दृष्टांत बन चुकी जनसेवा कल्याण समिति को ये सामग्री प्रदान की। शिक्षक रामानंद बेले ने बताया कि उनके स्वर्गीय पिता ने उन्हें हमेशा ये शिक्षा दी थी कि इंसान दुनिया मे सिर्फ जीने नही आया है और न ही सिर्फ सुख सुविधाओं का आनंद लेने आया है बल्कि इंसान का जीवन तब सार्थक और सफल माना जाता है जब उसकी उपस्थिति से या उसके प्रयास से दूसरों का

जीवन सरल हो सके। उन्होंने बताया कि पिता की दी उस सीख ने इन सत्कार्यो के लिए प्रेरित किया और फिर इस पुण्य प्रयास का सहभागी बनाने के लिए जनसेवा कल्याण समिति के अलावा दूसरा कोई नाम हो ही नही सकता था। जनसेवा कल्याण समिति ने अपने कार्यो व सेवा से शहर के मष्तिष्क पटल पर एक अमिट छाप अंकित कर दी है। परोपकारी प्रयासो,मानव सेवा,पशुसेवा में समिति का कोई सानी नही,इसलिए जनसेवा कल्याण समिति के माध्यम से इस प्रयास को हमारे द्वारा पूर्ण किया गया। ज्ञात हो कि श्री बेले विगत वर्षो से उनके पिताजी की पुण्यतिथि पर स्मृति स्वरूप विभिन्न परोपकारी कार्य व सांस्कृतिक आयोजन करते रहे है, चाहे वो आर्थिक सहयोग हो या अस्पताल में पानी की व्यवस्था के लिए टँकी वितरण या फिर कवि सम्मेलन, । विगत 30 अक्टूबर को भी एक सादे आयोजन में उनके द्वारा विशेष पहल करते हुए एक व्हीलचेयर व दो ऑक्सीजन किट शहरवासियों के उपयोग के लिए प्रदान की। जनसेवा कल्याण समिति के राहुल धेण्डे व अमित यादव ने बताया कि जनसेवा कल्याण समिति पिछले डेढ़ दशक से लगातार घायल व रोगियों की सेवा में जुटी हुई है। इस दौरान कई गम्भीर रोगी व घायलों के रेस्क्यू के दौरान व्हील चेयर की आवश्यकता महसूस होती थी, रामानन्द बेले द्वारा इस आवश्यकता की पूर्ति करते हुए एक व्हील चेयर समिति को दी गई, जिससे रोगियों व घायलों की सेवा में बहुत मदद मिलेगी। समिति के सागर चौहान व नितिन ठाकुर ने कहा कि व्हीलचेयर के साथ दो ऑक्सीजन सिलेण्डर किट आपातकालीन अवस्था मे उपयोगी साबित होगी। श्री बेले द्वारा इस कार्यक्रम को बिरसा मुंडा परिसर में आयोजित किया गया, जिसमे प्रगतिशील व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनिल सोनी, देवेंद्र राजपूत, व्यापारी संघ सचिव हेमन्त गुगनानी, जनसेवा कल्याण समिति के राहुल धेण्डे, अमित यादव, नितिन ठाकुर, सागर चौहान,भावेश मालवीय समेत कई समाजसेवी व युवा उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों द्वारा श्री बेले के इस पुण्य प्रयास की बहुत प्रसंशा की।

ताप्ती के उद्गम स्थल को न्यास में जोड़ने की प्रक्रिया होगी शुरू

बैतूल देशबन्धु। मुलताई में सूर्यपुत्री मां ताप्ती के उद्गम स्थल को लेकर ऐतिहासिक दस्तावेजों के आधार पर संरक्षित और संधारित करने की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। सूर्यपुत्री मां ताप्ती श्री क्षेत्र विकास न्यास, मुलताई के भक्तों ने कलेक्टर बैतूल को आवेदन देकर आग्रह किया है कि पुरातन दस्तावेजों के आधार पर स्थल को स्वयंभू न्यास में जोड़कर इसे संरक्षित किया जाए। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बैतूल के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मुलताई द्वारा जांच के आदेश जारी किए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मुलताई के आदेशानुसार 8 नवंबर को मौके पर जाकर दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जांच दल का गठन किया गया है, जो मौके पर निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। इस जांच प्रक्रिया में श्रीमती वर्षा पति

दिनेश गडेकर अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मुलताई सहित भक्तगण बसंतपुरी पिता सोम्मार पुरी, प्रशांत पिता रामनाथ भार्गव, मनीष माथनकर, दिनेश कालभोर, निशा पति ओमकार भारती, सौरभ भार्गव, बृजकिशोर पिता नत्थूलाल खंडेलवाल, अमरचंद पिता रामेश्वरदयाल अग्रवाल, शोभित पिता अभय भार्गव, नारायण पिता राधाकृष्ण कपले, दीपक पिता बाबूराव देशमुख, घनश्याम पिता चिन्धू सोनी जांच में सम्मिलित होंगे। इस जांच का उद्देश्य ताप्ती उद्गम स्थल को ऐतिहासिक दृष्टि से संरक्षित करना और न्यास में जोड़ना है। सभी भक्तों को निर्देशित किया गया है कि वे नियत तिथि पर स्थल पर उपस्थित रहें ताकि सत्यापन प्रक्रिया में किसी प्रकार की कमी न रहे। ताप्ती भक्तों का मानना है कि इस पूरी कार्यवाही में मां ताप्ती ने बैतूल कलेक्टर पर विशेष अनुकंपा करते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा है।

मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने विजयपुर में की सभाएं

भाजपा सरकार ने किया लुटेरों और डाकुओं का सफाया

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह क्षेत्र कभी डाकुओं का प्रभाव वाला क्षेत्र था। प्रदेश में 55 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस ने डाकुओं के खात्मे के लिए कोई कार्य नहीं किया, क्योंकि कांग्रेस के नेता डाकुओं के दम पर चुनाव जीतते थे। भाजपा की सरकार बनने के बाद डाकुओं और लुटेरों का पूरी तरह से सफाया किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत विजयपुर क्षेत्र के विकास के लिए विधायक पद और कांग्रेस पार्टी छोड़कर आए हैं। श्री रावत इस क्षेत्र के लोगों की जिंदगी बदलने के लिए भाजपा में आए हैं। आप उन्हें विधायक बनाएं। श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास की पूरी गारंटी भाजपा की है।

डॉ. यादव ने आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के साथ आज विजयपुर के ग्राम अगरा, गसवानी, कराहल व सेसईपुरा में आयोजित सभाओं में यह बात कही। डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा जनता के कल्याण के लिए कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। कांग्रेस ने प्रदेश में 55 साल तक शासन किया, लेकिन गरीबों के लिए कोई कार्य नहीं किया। केन्द्र की भाजपा सरकार ने गरीबों के इलाज के लिए नि:शुल्क हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की है और हर गरीब को 5 लाख तक के नि:शुल्क इलाज की गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि कुपोषण दूर करने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार सहरिया बहनों के खाते में प्रति माह हर माह डेढ़ हजार रुपए भेज रही है। कांग्रेस पार्टी भी गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर सकती थी, लेकिन उसने गरीबों-आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक समझा। गरीबों, पिछड़ों व आदिवासियों के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कांग्रेस ने कोई कार्य नहीं किया।

डॉ. यादव और भाजपा प्रदेश श्री शर्मा कराहल में पार्टी प्रत्याशी रामनिवास रावत के समर्थन में रोड शो कर जनता का आशीर्वाद मांगा। वहीं उन्होंने अगरा की सभा के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई है।

रामनिवास रावत ने विजयपुर क्षेत्र की जनता की जिंदगी बदलने कांग्रेस छोड़ी : मुख्यमंत्री

भाजपा सरकार गरीबों व आदिवासियों के लिए कार्य करती है : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों व आदिवासियों का हक छीनने का कार्य करती है, जबकि भाजपा सरकार गरीबों व आदिवासियों के कल्याण के लिए कार्य करती है। 15 महीने की कमलनाथ सरकार में दिग्विजय सिंह के इशारे पर सहरिया बहनों को प्रदेश सरकार द्वारा हर माह दी जा रही राशि बंद करने का कार्य किया गया था। श्री रावत को आप सभी विधायक बनाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करेगी। भाजपा सरकार मध्यप्रदेश को विकसित राज्य के साथ आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने घर-घर नल से जल पहुंचाने के साथ हर खेत में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री राकेश शुक्ला, ऐंदल सिंह कंषाना, सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, विधायक श्रीमती सरला रावत, प्रदीप अग्रवाल, पार्टी प्रत्याशी रामनिवास रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, संभाग प्रभारी विजय दुबे, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा, दुर्गालाल विजय, सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डीबाई आदिवासी, प्रदेश प्रवक्ता बृजगोपाल लोया, अरविंद जादौन, प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्य बृजराज सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

सवा करोड़ से ज्यादा लाड़ली बहनों के खाते में कल आएगी राशि

भोपाल, देशबन्धु। लाड़ली बहना योजना की 1250 रुपए की अगली किश्त 9 नवंबर को मिलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लाड़ली बहना इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से 1 करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में तकरीबन 1574 करोड़ की यह राशि अंतरित करेंगे।

लाड़ली बहना योजना के तहत जून 2023 से अब तक मासिक आर्थिक सहायता राशि की कुल 17 किश्तों का अंतरण किया जा चुका है। इसके अलावा माह अगस्त 2 बार लाभार्थियों को 250 रुपए की राशि की विशेष आर्थिक सहायता का भी अंतरण किया गया। योजना की शुरुआत में पात्र हितग्राहियों को एक हजार रुपए प्रतिमाह की राशि का भुगतान किया गया। अक्टूबर 2023 से मासिक आर्थिक सहायता की राशि में 250 प्रतिमाह की वृद्धि की गई। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 का संचालन किया जा रहा है। यह योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के तहत लगभग 18 हजार 984 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। ज्ञात हो कि प्रदेश में जारी लाड़ली बहना योजना ने प्रदेश की महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण में महती भूमिका निभाई है। योजना से न केवल महिलाओं ने अपनी छोटी-छोटी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा किया, महिलाएं बैंकिंग प्रणाली से सीधे परिचित हुई हैं।

48 आउटसोर्स बिजली कर्मचारी किए गये ब्लैक लिस्टेड

भोपाल, देशबन्धु। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने पर कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, ग्वालियर, गुना एवं शिवपुरी में बाह्य स्त्रोत (आउटसोर्स) एजेंसी के माध्यम से कार्यरत 48 आउटसोर्स कार्मिकों को सेवाओं से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्ट किया है। कंपनी द्वारा ब्लैक लिस्ट किये गए 48 आउटसोर्स कार्मिक कंपनी कार्य क्षेत्र के किसी भी बिजली कार्यालय में कार्य नहीं कर सकेंगे। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल वृत्त में कार्यरत 18 आउटसोर्स कार्मिकों के साथ ही हरदा में 03, शिवपुरी वृत्त के 07 एवं ग्वालियर वृत्त में 06, दतिया वृत्त में 02, तथा गुना वृत्त में कार्यरत 12 आउटसोर्स कार्मिकों को लापरवाही और अनियमितता बरतने के कारण सेवा से पृथक कर ब्लैक लिस्ट किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने सचेत किया है कि कार्य में पारदर्शिता, लगन, निष्ठा और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी शहडोल संभाग की समीक्षा बैठक

जल-जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति में तेजी लाएं : नरहरि

भोपाल, देशबन्धु। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव पी. नरहरि ने शहडोल संभाग में जल-जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ली। सचिव, श्री नरहरि ने कहा कि जल-जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति में तेजी लायें, 31 मार्च तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण किये जायें और निर्माण एजेंसियों के प्रदर्शन पर निगरानी रखी जाये। जो निर्माण एजेंसियाँ अपने कार्यों में ढिलाई बरत रही हैं, उन्हें हटाकर पुन: टेण्डर प्रक्रिया की जाये, जिससे समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता वाले कार्य सुनिश्चित हो सकें।

31 मार्च तक सभी कार्य पूर्ण किये जायें, निर्माण एजेंसियों पर रखें निगरानी

सचिव, श्री नरहरि ने निर्देश दिये कि जिला एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल-जीवन मिशन के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा करें और साथ ही समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति प्रदान करें। उन्होंने जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से आपस में समन्वय कर कार्यों को संपादित करने को कहा।

सचिव, श्री नरहरि ने कहा कि हर घर तक शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये और इसके रख-रखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपे जाने की व्यवस्था की जाये। बैठक में जल निगम के प्रबंध संचालक के.वी. चौधरी ने शहडोल संभाग में जल निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस महत्वाकांक्षी योजना की सफलता के लिये तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिये। सचिव श्री नरहरि ने कहा कि सरकार की जल-जीवन मिशन के प्रति प्रतिबद्धता और समग्र विकास की दिशा में प्रयासों को और भी मजबूत किया जायेगा। प्रमुख अभियंता के.के. सोनगरिया, मुख्य अभियंता एच.एस. गौड़ और सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

शिवराज ने बुधनी ने संभाला मोर्चा, सभा में बोले-

मैं नेता, मंत्री नहीं हम एक परिवार हैं

भोपाल, देशबन्धु। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बुधनी मेरी जन्मभूमि, कर्मभूमि, पुण्यभूमि है। ये बुधनी विधानसभा क्षेत्र मेरे लिए मंदिर है और जनता मेरी भगवान है। इस मंदिर का पुजारी शिवराज सिंह चौहान है। यहां रहने वाले हर भाई-बहन मेरे लिए जनता नहीं बल्कि एक प्यारा परिवार है। यहां परिवार ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया है। आपने प्यार दिया तो मुझे मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला। एक तरफ विकास के काम हुए तो दूसरी तरफ जनता के कल्याण की योजनाएँ बनी। श्री चौहान आज भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव के समर्थन में डोबी आयोजित सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्षों तक कांग्रेस की सरकार रही लेकिन यहां विकास की एक-एक ईंट भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लगाई है।

दीपक जोशी भाजपा में लौटे

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी के पुत्र और पूर्व मंत्री दीपक जोशी आज भाजपा में वापस लौट आए। बुधनी विधानसभा क्षेत्र के बाड़ी में आयोजित जनसभा के दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी का गमछा पहनाकर भाजपा में शामिल किया। पूर्व मंत्री जोशी ने मई 2023 में कांग्रेस का दामन थामा था, अब एक बार फिर भाजपा में लौट आए हैं। दीपक जोशी की भाजपा में वापसी ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, खासकर उनके पुराने बयान और आरोपों को लेकर, जो उन्होंने भाजपा और शिवराज सिंह चौहान पर लगाए थे। जोशी ने यह आरोप भी लगाया था कि भाजपा ने उनके पिता स्व. कैलाश जोशी का सम्मान नहीं किया। उनकी घर वापसी को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई कयास लगाए जा रहे हैं।

सिडनी में राष्ट्रमंडल देशों का संसदीय सम्मेलन

सर्वदलीय समितियों की संसदीय प्रणाली में अहम भूमिका : सिंह

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि संसदीय समितियां विधायिका की अनुपूरक हैं, सर्वदलीय आधार पर गठित इन समितियों की संसदीय प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने कहा कि स्थायी विधायी समितियां सतत रूप से कार्यरत रहती हैं। श्री सिंह ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स प्रांत की राजधानी सिडनी में आयोजित 67 वां राष्ट्रमंडल देशों के संसदीय सम्मेलन में हिस्सा ले रहे थे। इस सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद और विधानमंडलों के सचिवों के वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विधानसभा के प्रमुख सचिव व सचिव भाग ले रहे हैं। उन्होंने प्रवर समितियों के कार्यकाल विधेयक परीक्षण, प्रकरण जांच या कार्य विशेष मध्यप्रदेश की नव गठित विधानसभा में अध्यक्ष के मार्गदर्शन में वित्तीय व अन्य विधायी समितियों द्वारा कार्यपालिका के कार्य एवं नीतियों का प्रभावी रूप से परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सत्र समाप्ति के तुरंत बाद यह समितियां कार्य प्रारम्भ कर देती हैं, इसलिए संसदीय व्यवस्था के कार्यकरण के हित में इन्हें और प्रभावी बनाया जाना चाहिए।

नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

भोपाल, देशबन्धु। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायतों के रिक्त पदों के लिये उप-निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। मतदान 9 दिसम्बर, 2024 को होगा। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ नाम निर्देशन-पत्र 18 नवम्बर से लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्र 25 नवम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 26 नवम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 28 नवम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। मतदान नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक और पंचायतों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतगणना नगरीय निकायों में 12 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी। पंच पद के लिये मतगणना मतदान केन्द्र पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद होगी। सरपंच पद के लिये मतगणना 13 दिसम्बर को विकासखण्ड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से होगी। नगरीय निकायों में नगरपालिक निगम रीवा में वार्ड-10 और नगर परिषद जैतहरी में वार्ड-6 के पार्षद पद के लिये निर्वाचन होना है।

विजयपुर की चुनावी सभा में बोले राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री

किसानों के साथ वादाखिलाफी कर रही सरकार

भोपाल, देशबन्धु। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ वादा खिलाफी कर रही है। वहीं युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेलने का काम इस सरकार ने किया है। भले ही उपचुनाव में हार से प्रदेश की सरकार न बदले, लेकिन यह परिणाम उनके किसानों और बेरोजगारों से किए वादे जरूर याद दिलाएंगे।

श्री पायलट आज श्योपुर जिले के विजयपुर में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा राजस्थान और मध्यप्रदेश का रोटी-बेटी का रिष्ता है, आप लोग यहां कांग्रेस प्रत्याशी को चुनाव जिताओं चार साल बाद राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनाकर देंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बने तो उन्होंने जनता के बीच संविधान के साथ एक विश्वास पैदा करने की कोशिश की, कि संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ नहीं होगा। श्री पायलट ने कहा कि जो लोग भगवान राम के नाम पर वोट मांगते हैं, गौमाता के नाम पर वोट मांगते हैं, उन्हें खाद, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क इन सबसे कोई लेना-देना नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा को जिताने से यहां लोकतंत्र मजबूत होगा।

रामनिवास ने किया विश्वासघात : पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस ने रामनिवास रावत को 20 साल तक सहयोग किया टिकिट दिया और उन्होंने आपके साथ विश्वासघात किया, आप लोग इसका बदला लोगो? उन्होंने कहा कि एक विधायक से भाजपा की सेहत पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता और नेता जो दिन रात यहां मेहनत करके पार्टी का काम करते थे और चुनाव लड़ते थे रामनिवास कांग्रेस के तो गुनाहगार है, ही पर भाजपा के साथ भी वह अन्याय करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के जीतने से प्रदेश में भाजपा ने जो वादे किए वह पूरे होंगे, एक ही चुनाव से आप लोकतंत्र को मजबूत करेंगे।

पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर रही भाजपा : तन्खा

राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि भाजपा केवल झूठ परोसती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज होता है, बुलडोजर का राज नहीं लेकिन भाजपा पुलिस-प्रशासन का दुरुपयोग कर हमारे लोगों को धमकाने, डराने का काम करती है। प्रचंड बहुमत को मुकेश मल्होत्रा को जिताएं और लोकतंत्र को बचाने में अपनी महती भूमिका को निभाएं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विधायक दिनेश गर्जुर, बैजनाथ कुश्वाहा, सतीश सिकरवार, सत्यपाल सिंह सिकरवार, ऋषि अग्रवाल, यादवेन्द्र सिंह, सुनील शर्मा, वीरेन्द्र रघुवंशी, डग्गी राजा, सुखेन्द्र सिंह बना, सी.पी. शर्मा, अतुल चौहान, रामकिंकर गुर्जर, राम पाण्डेय सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित था।

भाजपा ने बैसाखियों के सहारे केंद्र में बनाई सरकार : पायलट

भोपाल, देशबन्धु। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने बैसाखियों से केंद्र में सरकार बनाई है। राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बन कर सरकार की जवाबदेही तय की है। इसी का परिणाम है कि सरकार को कई विधेयक वापस लेने पड़े हैं। केंद्र सरकार के संदर्भ में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद अबकी बार, 400 पार कहने वालों का अहंकार गायब हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पायलट ने कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग किस प्रकार की भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बंटेगे तो कटेंगे जैसी भाषा बोल रहे रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस में उनका जोर सकारात्मक भाषा के इस्तेमाल कर नौजवानों को संस्कार देने पर है। इस प्रकार की विभाजनकारी चीजें सभ्य समाज के समझदार नागरिक पसंद नहीं करते। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को विभाजनकारी भाषा के स्थान पर नौजवानों के समक्ष सकारात्मक विचार पेश करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि बिहार और आंध्रप्रदेश के लोगों को बजट में हजारों करोड़ रुपए दिए गए हैं। यहां सवाल ये भी है कि मध्यप्रदेश और राजस्थान के लोगों ने क्या गुनाह किया था। इससे स्पष्ट हो रहा है कि केंद्र सरकार की राजनीतिक मजबूरियां सामने दिखने लगी हैं। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा भी उपस्थित थे।

19 हजार से अधिक गैस पीड़ितों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये

भोपाल, देशबन्धु। राज्य सरकार द्वारा भोपाल गैस पीड़ितों और उनके बच्चों को आयुष्मान 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके तहत गैस पीड़ितों एवं उनके बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। अब तक 19 हजार 317 से अधिक गैस पीड़ितों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं।

गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधीन संचालित 6 अस्पतालों एवं 9 औषधालयों में सभी प्रकार के उपचार एवं आवश्यकतानुसार सुविधाएँ नि:शुल्क दी जा रही हैं। साथ ही आयुष्मान भारत 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी अनुबंधित अस्पतालों में भी गैस पीड़ितों को उपचार सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष प्रकरणों में इस योजना में निर्धारित पैकेज के अतिरिक्त इलाज पर खर्च होने पर संबंधित अस्पताल को उसकी प्रतिपूर्ति गैस राहत विभाग द्वारा की जाती है। गैस पीड़ित मरीज एवं उनके बच्चों को किडनी, लीवर ट्रॉन्सप्लांट एवं अन्य प्रकार की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिये विशेष प्रकरण मानते हुए मरीजों को आवश्यकतानुसार इलाज की सुविधा भी दी जा रही है।

भोपाल गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों को कैंसर के उपचार के लिये गैस राहत विभाग द्वारा तीन निजी अस्पतालों एवं एम्स भोपाल के साथ अनुबंध भी किया गया है। यहाँ पीड़ितों को कैंसर के उपचार की निश्शुल्क सुविधा दी जा रही है। गैस राहत विभाग के अधीन संचालित सभी अस्पतालों में गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों के उपचार के लिये अत्याधुनिक इमरजेंसी यूनिट सातों दिन 24 घंटे संचालित की जा रही हैं। गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों के किडनी रोग व अतिगंभीर मरीजों के उपचार के लिये कमला नेहरू अस्पताल, भोपाल में डायलिसिस यूनिट की स्थापना भी की गई है। इसमें 13 डायलिसिस मशीनें लगाकर मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया जा रहा है। गैस पीड़ित विधवाओं (कल्याणी), (जिनको राज्य शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिलती हैं), को इस पेंशन राशि के अलावा भोपाल गैस राहत विभाग द्वारा एक हजार रूपये प्रतिमाह अतिरिक्त पेंशन भी दी जा रही है। वर्तमान में करीब 4 हजार 406 गैस पीड़ित विधवाओं (कल्याणियों) को यह पेंशन दी जा रही है।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिए ई-श्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन

भोपाल, देशबन्धु। केंद्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए ई-श्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन की शुरुआत की है। ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। इसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना,वन नेशन-वन राशन कार्ड, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और राष्ट्रीय कैरियर सेवा जैसी योजनाएँ शामिल है। इसके अलावा अन्य कई योजनाओं को भी पोर्टल से जोड़ा जा रहा है, जिससे श्रमिकों को और अधिक सहायता प्राप्त हो सके।

सामाजिक सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का मिलेगा सीधा लाभ

उल्लेखनीय है कि राज्य में अब तक 1.81 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जो श्रमिकों के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल श्रमिकों के लिए उनकी पहचान बनाने, आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायक बनेगी।

आसान पंजीकरण प्रक्रिया : श्रमिकों को स्वयं ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने की सुविधा है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी निश्शुल्क पंजीकरण किया जा सकता है।

सुरक्षा और सामाजिक लाभ : पंजीकृत श्रमिक दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। दुर्घटना बीमा के तहत श्रमिकों को दो लाख रुपये तक का कवर मिलता है।

विशेष योजनाओं का लाभ : श्रमिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सुरक्षा योजनाओं तक आसान पहुँच मिलेगी।

सभी असंगठित श्रमिकों के लिए : निर्माण, प्रवास, घरेलू, खेतिहर श्रमिकों, रिक्शा चालकों सहित लाखों श्रमिकों का डेटा एकीकृत किया जाता है। पोर्टल श्रमिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और उनके लाभों तक सीधे जोड़ता है, जिससे वे लाभान्वित हो रहे है।

डिजिटल पहचान : श्रमिकों को एक विशिष्ट ई-श्रम कार्ड मिलेगा, जो उनकी पहचान और पात्रता को प्रमाणित करेगा।

भगवान सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव की कल्चुरी समाज की ओर से

देशवासियों को शुभकामनाएं

रतन लाल जायसवाल
पूर्व पार्षद

श्रीमती बबली रानी जायसवाल

सौजन्य
श्रीमती रेखा प्रदीप जायसवाल
ब्लॉक अध्यक्ष, कल्चुरी समाज
सांची, जिला रायसेन

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।